RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो। '

वर्षः 13 | अंकः 274 | जयपुर, मंगलवार, 03 नवम्बर 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 8

ईरान के खिलाफ बिना कांग्रेस की मंजूरी के युद्ध छेड़ा, डेमोक्रेट्स ने इसे वॉर क्राइम बताया

ईरान के गर्ल्स स्कूल पर हमले के आरोपी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को हटाने की तैयारी में है ट्रम्प

पीट हेगसेथ के खिलाफ अमेरिकी संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया गया

नई दिल्ली/संचार जगत

मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच अमेरिका की राजनीति में भी बड़ा भूचाल आ गया है। ट्रम्प प्रशासन में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के खिलाफ यूएस संसद में महाभियोग प्रस्ताव पेश किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने ईरान के खिलाफ बिना कांग्रेस की मंजूरी के युद्ध छेड़ा और ऐसे हमलों को अंजाम दिया, जिन्हें वॉर क्राइम की श्रेणी में रखा जा सकता है। यह प्रस्ताव यासामिन अंसारी के नेतृत्व में हाउस डेमोक्रेट्स ने पेश किया है। उन्होंने दावा किया कि हेगसेथ ने अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया, अमेरिकी सैनिकों को खतरे में डाला और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन नहीं किया।



सबसे गंभीर आरोप ईरान के मिनाब इलाके में एक गर्ल्स स्कूल पर हमले को लेकर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 28 फरवरी को हुए हमले में कमोबेश 170 स्कूली बच्चियों की मौत हुई, जिनमें शिक्षक भी शामिल थे। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल गलती से इस स्कूल पर जा गिरी। डेमोक्रेट्स का कहना है कि इस तरह के हमले जंग के नियमों का उल्लंघन हैं। महाभियोग के पहले आर्टिकल में आरोप लगाया गया कि पीट हेगसेथ ने ईरान के खिलाफ बिना औपचारिक युद्ध घोषणा के सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी। अमेरिकी कानून के अनुसार, युद्ध छेड़ने का अधिकार केवल कांग्रेस के पास होता है, न कि किसी एक अधिकारी के पास। इसके अलावा उन पर डबल टैप स्ट्राइक जैसे विवादित सैन्य तरीकों के इस्तेमाल का भी आरोप है। जिसमें एक ही लक्ष्य पर दो बार हमला किया जाता है. आलोचकों का कहना है कि इससे नागरिकों के हताहत होने का खतरा बढ़ जाता है।

डेमोक्रेट्स ने आरोप लगाया कि हेगसेथ ने संवेदनशील सैन्य जानकारी को संभालने में लापरवाही बरती और यमन में हमलों से जुड़ी जानकारी एक कमर्शियल मैसेजिंग ऐप के जरिए साझा की, जिससे सुरक्षा जोखिम पैदा हुआ। हालांकि, इस महाभियोग प्रस्ताव के पास होने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है, क्योंकि हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। इसके बावजूद यह कदम राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन पर दबाव बढ़ सकता है। पेंटागन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक स्टंट बताया है। उनका कहना है कि ईरान में सैन्य अभियान ने अपने उद्देश्यों को हासिल किया है और यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के तहत जरूरी थी।

ट्रम्प से नाराजगी और महंगाई बनी रिपब्लिकन की परेशानी

सर्वे के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कामकाज और अर्थव्यवस्था को संभालने के तरीके से मतदाताओं में असंतोष बढ़ा है। सात राज्यों में संभावित मतदाताओं के बीच केवल 38 प्रतिशत लोगों ने ट्रम्प के राष्ट्रपति के रूप में प्रदर्शन को मंजूरी दी। यह आंकड़ा रिपब्लिकन पार्टी के लिए चिंता का विषय है। खासकर इसलिए कि ट्रंप ने दो साल पहले इनमें से पांच राज्यों में बड़े अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार चुनाव में महंगाई और जीवन-यापन की बढ़ती लागत सबसे अहम मुद्दे बनकर उभरे हैं। सर्वेक्षण में इन मुद्दों पर डेमोक्रेट्स को रिपब्लिकन से नौ प्रतिशत अंकों की बढ़त मिली। विदेश युद्धों और आम नागरिकों के हितों से जुड़े सवालों पर भी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी पर अपेक्षाकृत अधिक भरोसा जताया। एक अन्य अहम बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल सभी सात राज्यों में स्वतंत्र मतदाताओं के बीच डेमोक्रेटिक उम्मीदवार आगे रहे।

मिडटर्म चुनाव के लिए अमेरिका में मतदान आज

यूएस में मिडटर्म चुनाव के लिए मंगलवार को वोटिंग होगी। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही हैं। सीनेट पर नियंत्रण की लड़ाई में डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन राज्यों में भी मजबूत बढ़त बना ली है, जिन्हें लंबे समय से रिपब्लिकन का गढ़ माना जाता रहा है। एनवायटी और सिएना यूनिवर्सिटी के चुनाव से पहले जारी अंतिम सर्वे के मुताबिक, सीनेट की सात प्रमुख चुनावी प्रतिस्पर्धाओं में डेमोक्रेट्स पांच राज्यों में आगे हैं, जबकि छठे राज्य में दोनों पार्टियों के उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर है। इस सर्वेक्षण के नतीजे इसलिए अहम हैं, क्योंकि अगर ये रुझान वास्तविक मतदान में भी कायम रहते हैं, तो अमेरिकी सीनेट में सत्ता का समीकरण बदल सकता है। टेक्सास में डेमोक्रेट्स ने 1988 के बाद से कोई सीनेट चुनाव नहीं जीता है, जबकि कंसास में यह उपलब्धि 1932 के बाद नहीं दोहराई जा सकी है। इसके बावजूद इन दोनों राज्यों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों की स्थिति मजबूत दिखाई दे रही है। टेक्सास में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार और राज्य के विधायक जेम्स टालारिको रिपब्लिकन उम्मीदवार एवं राज्य के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन से 7 फीसदी अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं।

7 स्विंग स्टेट्स में डेमोक्रेट्स को बढ़त

संभावित वसेटासें के बीच टालारिको को 50 प्रतिशत और पैक्सटन को 43 प्रतिशत समर्थन मिला। मेन में भी रिपा की वरिष्ठ नेता और मौजूदा सीनेटर सुसान कॉलिन्स पिछड़ती नजर आ रही हैं। डेमोक्रेटिक प्रत्याशी और पूर्व राज्य सीनेटर ट्रॉय जैक्सन 51 प्रतिशत समर्थन के साथ कॉलिन्स से छह फ्भ्सदी अंकों की बढ़त हैं। मिशिगन में डेमोक्रेट्स पहले से सीनेट की सीट पर काबिज हैं। नॉर्थ कैरोलिना को इन 7 राज्यों के सर्वे में शामिल नहीं किया गया, हालांकि वहां भी पहले के सर्वे में डेमोक्रेटिक प्रत्याशी को बढ़त मिलती रही है। यूएस सीनेट में बहुमत हासिल करने के लिए डेमोक्रेट्स को अपनी मौजूदा सभी सीटें बचाने के साथ रिपब्लिकन के कब्जे वाली कम से कम चार सीटें जीतनी होंगी।



समुद्री लुटेरों के कब्जे से 20 भारतीय क्रू को मुक्त कराया

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में सुनियोजित अभियान चलाकर समुद्री लुटेरों के कब्जे से मछली पकड़ने वाले जहाज अजिनी'के चालक दल के सभी 20 सदस्यों को सुरक्षित मुक्त करा लिया है। साथ ही जहाज को भी छुड़ा लिया।

भारतीय नौसेना ने मुंबई से 3,000 किलोमीटर से अधिक दूर समुद्र में 48 घंटे तक अभियान चलाकर को इन सभी को छुड़ाया। इस अभियान में भारतीय वायु सेना ने भी सहयोग दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने इस सफल अभियान के लिए नौसेना को बधाई दी और दोनों सेनाओं के समन्वय और परिचालन तत्परता की सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि दो नवंबर को अरब सागर में समुद्री लुटेरों के कब्जे से मछली पकड़ने वाली नाव अजिनी के सभी 20 चालक दल के सदस्यों को मुक्त करा लिया है।

ट्रम्प के घर से 11 कि.मी. दूर प्लेन क्रैश, 9 लोगों की मौत

नई दिल्ली/संचार जगत

रविवार को दक्षिणी फ्लोरिडा के रिहायशी इलाके में निजी जेट क्रैश हो गया। हादसे में प्लेन में मौजूद सभी 9 लोगों की मौत हो गई है। जहां यह क्रैश हुआ, वह जगह यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रिसॉर्ट 'मार-ए-लागो' से कुछ ही मील दूर है। सोशल मीडिया पर सामने आए कई वीडियो में इस प्लेन को बहुत तेज स्पीड से सीधा जमीन से टकराते देखा जा सकता है। इस टक्कर से आग का एक बड़ा गोला बन गया और सड़क के किनारे एक जलता हुआ गड्ढा हो गया। यूएस परिवहन सचिव शॉन डफी ने बताया कि पाम बीच काउंटी में हुआ विमान हादसा एक भयानक त्रासदी है। यह विमान, लियरजेट 60 था और ऑस्टिन, टेक्सास से रवाना हुआ था और बहामास जा रहा था। दुर्घटना से लगभग एक घंटे पहले, सुबह 11:55 बजे, वे एयरपोर्ट से एयर फोर्स वन'से रवाना हो गए।

चुनाव ड्यूटी निभाते हुए जिंदगी की जंग हार गए कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल

संचार जगत

टोड़ारायसिंह। पंचायतीराज चुनाव 2026 की ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए निवाई थाने में तैनात कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल का उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर भीलवाड़ा जिले में दो स्कॉर्पियो कारों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें उपचार के लिए भीलवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी था। लेकिन रविवार देर रात उन्होंने जिंदगी की जंग हारते हुए अंतिम सांस ली। कांस्टेबल खुशीराम सांडीवाल उपखण्ड के संवारिया गांव के निवासी थे और निवाई थाने में तैनात थे। चुनाव ड्यूटी के दौरान हुए इस दर्दनाक हादसे में उनके निधन से पुलिस महकमे में गहरा दुख व्याप्त है। निवाई डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा, थानाधिकारी घासीराम मीणा सहित थाना स्टाफ ने दिवंगत कांस्टेबल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्तव्य निर्वहन के दौरान एक जांबाज पुलिसकर्मी का यूं असमय चले जाना पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है।



2027 से 89 साल पुराने हवाई सफर के बदलेंगे नियम

नई दिल्ली/संचार जगत

आज कल लोग अपना समय बचाने के लिए फ्लाइट से सफर करना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप फ्लाइट से सफर करते हैं और न्यू ईयर के समय फ्लाइट से सफर करने वाले हैं तो आपके लिए ये जानना जरूरी है कि नए साल से हवाई यात्रा से जुड़े कुछ नियम में बदलाव होने वाला है।



1 जनवरी से होंगे लागू, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की

अहम बात ये है कि इसका असर केवल एयरलाइंस और एयरपोर्ट के कामकाज पर ही नहीं, बल्कि यात्रियों के टिकट के किराये, सुविधाएं और दूसरी चीजों पर भी पड़ सकता है। नए भारतीय वायुयान नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। यानी इस दिन से ही ये ब्रिटिश काल के एयरक्राफ्ट रूल्स 1937 की जगह लेंगे। भारतीय वायुयान नियम 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, ये नए नियम ब्रिटिश काल के एयरक्राफ्ट रूल्स 1937 की जगह लेने वाले हैं।

सुप्रीम टिप्पणी: प्लेन से सफर मत कीजिए

सुप्रीम कोर्ट ने हवाई टिकटों की कीमतों में अत्यधिक बढ़ोतरी के खिलाफ दायर एक याचिका पर कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को पीठ के समक्ष एक अधिवक्ता ने मामले का तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख किया। सुनवाई के दौरान वकील ने अदालत के सामने दलील दी कि हवाई किराए में 700 प्रतिशत तक की बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा, हवाई यात्रा न करें। अगला केस। इसके बाद पीठ ने याचिका को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया।

नौसेना को मिलेंगे 8 नए युद्धपोत, हुई डील

नई दिल्ली/संचार जगत

रक्षा मंत्रालय ने 2 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ 53,866.50 करोड़ रुपये के ठेके पर हस्ताक्षर किए। इन ठेकों के तहत भारतीय नौसेना के लिए आठ नेक्स्ट जेनरेशन कॉर्वेट यानी एनजीसी बनाए जाएंगे। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में यह समझौता हुआ। जीआरएसई पांच कॉर्वेट बनाएगा जबकि जीएसएल तीन का निर्माण करेगा।

जहाज निर्माण उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

यह परियोजना स्वदेशी जहाज निर्माण उद्योग को बड़ा बढ़ावा देगी। डीपीएसयू, निजी शिपयार्ड और एमएसएमई सहित भारतीय उद्योग भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ेगा। अगले दस साल में शिपयार्ड में करीब 72 लाख व्यक्ति-दिन और सहायक उद्योगों व एमएसएमई में 460 लाख व्यक्ति-दिन रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। मेड-इन-इंडिया सामग्री, उपकरण, तकनीक और कौशल का इस्तेमाल होगा। यह आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण की प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलती है। कुल मिलाकर यह सौदा भारतीय नौसेना को आधुनिक और शक्तिशाली बनाने के साथ-साथ घरेलू उद्योग को भी नई ऊंचाई देगा।

दिलजीत के कॉन्सर्ट में बम धमाके की धमकी

नई दिल्ली/संचार जगत

- इंदौर महापौर कार्यालय समेत तीन स्कूलों को भेजा ई-मेल
- 15 नवंबर को सी-21 मैदान में होना है कॉन्सर्ट


पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को सी-21 मैदान में होने वाले कॉन्सर्ट से पहले धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय और शहर के तीन स्कूलों को भेजे गए ई-मेल में कार्यक्रम के दौरान आईईडी धमाके की चेतावनी दी गई है। ई-मेल कथित तौर पर खालिस्तानी नेशनल आर्मी के नाम से भेजा गया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने तीन स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने की पुष्टि की है। संदेश में अभिभावकों को बच्चों को कॉन्सर्ट में नहीं भेजने की चेतावनी दी गई है।

'अग्निवीरों' की सर्विस एक्सटेंड करेगी सरकार

नई दिल्ली, आरएनएन। भारत सरकार अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती हुए कुछ अग्निवीरों को स्थायी सेवा में शामिल करने के अलावा अतिरिक्त समय देने पर गंभीरता से विचार कर रही है। पिछले कुछ दिनों में इस प्रस्ताव पर कई उच्च स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। पहला बैच अग्निवीरों का चार साल का कार्यकाल लगभग पूरा होने वाला है और 21 नवंबर 2026 को उनकी सेवा समाप्त हो जाएगी। स्थायी भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया पहले से चल रही है।

विशाखापट्टनम की ऑयल रिफाइनरी में हुआ धमाका

विशाखापट्टनम, आरएनएन। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में सोमवार रात एचपीसीएल की तेल रिफाइनरी में आग लग गई।



दूर तक दिखीं आग की लपटें, कोई हताहत नहीं

घटना के बाद आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस कमिश्नर शंखब्रत बागची ने बताया कि एचपीसीएल परिसर में आग लगी थी और इस घटना में किसी की जान नहीं गई। घटनास्थल के वीडियो में आग की ऊंची लपटें और धुएं का घना गुबार दिखाई दिया।

यूरोप के कई सुपरमार्केट में अचानक हैक होने लगे फ्रीज

एक के बाद एक कई साइबर अटैक किए

नई दिल्ली/संचार जगत

यूरोप के सुपरमार्केट में अब साइबर हमलावर फ्रिज और फ्रीजर को निशाना बना रहे हैं। बेल्जियम, लक्जमबर्ग, स्वीडन और एस्टोनिया में कई स्टोर के कूलिंग सिस्टम में अचानक गड़बड़ी सामने आई है। कुछ जगहों पर फ्रिज और फ्रीजर का तापमान बढ़कर 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कंपनियों ने इसे साइबर हमले से जुड़ा मामला बताया है।

इवेपोरेटर को डीफ्रॉस्ट मोड में डाल दिया

सबकोबेल के सीईओ स्टीफन मोएलन्स ने बताया कि यह साइबर हमला था। हमलावरों ने कूलिंग यूनिट के इवेपोरेटर को डीफ्रॉस्ट मोड में डाला था। वहीं, कोलरुइट ग्रुप के प्रवक्ता बोले उसके 5 स्टोर के फ्रिज सिस्टम पर हमला हुआ।

नेतन्याहू धुर विरोधी आइजनकोट से हाथ मिलाने को तैयार

नई दिल्ली/संचार जगत

इजराइल में सरकार बनाने सरगर्मी बढ़ गई है। 120 सीटों वाली इजराइली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने के जरूरी आंकड़े से दूर रहने के बीच पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने यशार पार्टी के लीडर गादी आइजनकोट के साथ गठबंधन का विकल्प खुला रखा है। सूत्रों का कहना है कि नेतन्याहू आइजनकोट के साथ हर मुमकिन ऑप्शन पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया, नेतन्याहू को डर है कि आइजनकोट उन्हें सत्ता से हटाने अरब पार्टियों और अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स पार्टियों के साथ हाथ मिला सकते हैं। अरब पार्टियों की एक शर्त हमास को आतंकी संगठन कहें और उसके हथियार छीनने का समर्थन करें

पॉलिटिक्स: इजराइली पीएम को सता रहा एक डर

शर्त यह है: हमास को आतंकी संगठन कहें और उसके हथियार छीनने का समर्थन करें

क्या है सत्ता का गणित

120 सदस्यों वाली इजराइली संसद यानी नेसेट में सरकार बनाने 61 सीटों की जरूरत होती है। इसमें नेतन्याहू का गठबंधन के पास 53 सीटें हैं, जबकि गादी आइजेनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे को 48 सीटें मिलीं। 27 अक्टूबर 2026 को इजराइल के संसदीय चुनाव में अरब नेतृत्व वाली दो पार्टियों ने मिलकर 19 सीटें जीतीं। इस बीच, नेतन्याहू की पार्टी लिकुड सबसे बड़ी पार्टी है। उसे 27 सीटें मिली हैं। वहीं, ये 2022 की 32 सीटों से 5 कम है। सर्वाधिक फायदा अरब पार्टियों को हुआ है। जॉइंट लिस्ट को 11 और आम को 8सीटें मिली हैं। ये एक ऐतिहासिक आंकड़ा है। इनके पास 2022 में केवल 10 सीटें थीं। बता दें, यहूदी-अरब गठबंधन। आइजनकोट का गुट और दोनों अरब पार्टियां मिलकर 67 सीटें बनाती हैं।

नेपाल में फंसे 6 भारतीय पर्यटकों का किया रेस्क्यू

काठमांडू, आरएनएन। नेपाल के शे-फोक्सुंडो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में भारी बर्फबारी में फंसे छह भारतीय पर्यटकों को सोमवार को निकाल लिया गया। दो महिला और चार पुरुष पर्यटकों से रविवार से संपर्क टूटा था और उन्हें सोमवार सुबह निजी हेलीकॉप्टर से बचाया गया।

पाकिस्तानी टिकटॉकर की शादी में भगदड़

लाहौर, आरएनएन। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के शादी समारोह में भगदड़ मचने से दो लोगों की मौत हो गई, 24 घायल हो गए। सियालकोट में टिकटॉकर मिस्टर पतलो के मेहंदी समारोह में इनाम पाने भगदड़ मच गई। पुलिस ने टिकटॉकर समेत नौ नामजद और 45 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

91 लाख रुपये की लागत से होंगे सड़क एवं ब्लॉक निर्माण कार्य

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने किया विकास कार्यों का शुभारम्भ

संचार जगत



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को हरिभाऊ उपाध्याय नगर (मुख्य) स्थित सामुदायिक भवन के पास आयोजित कार्यक्रम में 91 लाख रुपये की लागत से होने वाले सड़क एवं ब्लॉक निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इन कार्यों के तहत बाड़ी नदी से केसर स्वीट्स होते हुए शिव रेजिडेंसी तक तथा ललित केसवानी के मकान के सामने सड़क मय ब्लॉक निर्माण करवाया जाएगा। इन कार्यों का निष्पादन सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा होती हैं। बेहतर सड़कों से न केवल आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होता है, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होती है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से आसपास की कॉलोनियों के निवासियों सहित क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अजमेर के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में आवश्यकतानुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उनका प्रयास है कि नागरिकों को बेहतर सड़क, स्वच्छता, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हों। देवनानी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। अजमेर को सुंदर, स्वच्छ एवं बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रमुख मार्गों एवं प्रवेश क्षेत्रों में सौन्दर्यीकरण, हरित विकास तथा नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर को रिंग रोड से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से चार प्रमुख सड़कों के विकास एवं विस्तार की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम होगा। कार्यक्रम में महापौर अनामिका शर्मा, पार्षद विनोद डीडवानिया, ललित केसवानी, रमेश चंद सैन, दीपक कांकाणी, संजय सांखला, शेखर उबाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सांवरिया सेठ, सिंगोली बस यात्रा इस सप्ताह जाएगी

देवली। श्री सेठ सांवरिया विकास समिति देवली के तत्वावधान में सांवरिया सेठ व सिंगोली श्याम की मासिक बस यात्रा इस माह 5 नवंबर को कृष्ण पक्ष की एकादशी पर रवाना होगी। बस यात्रा देवली में जगदीश धाम के पास से सुबह 11 बजे रवाना होगी।

चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित वाहन अन्यत्र ले जाने पर तीन वाहन मालिकों को नोटिस

तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर मोटर वाहन अधिनियम में होगी कार्रवाई

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों को अन्यत्र ले जाने तथा निर्वाचन ड्यूटी के लिए अनुपस्थित रहने के मामले में प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी, जयपुर (प्रथम) ने तीन वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर (प्रथम) चम्पालाल ने बताया कि वाहन संख्या आरजे 14 टीएच 3083 (मारुति टूर एस सीएनजी) (वाहन मालिक अशोक कुमार बैरवा) को माधोराजपुरा, वाहन संख्या आरजे 14 टीजी 9479 (मारुति टूर एस सीएनजी) (वाहन मालिक शुभम गुर्जर) और वाहन संख्या आरजे 14 टीएच 8880 (मारुति डिजायर जेडएक्सआई) (वाहन मालिक श्रीनिवास) को कोटखावदा पंचायत समिति में पंचायत चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहण के पश्चात वाहन मालिकों द्वारा वाहन अन्यत्र ले जाकर, फोन रिसीव नहीं किया गया एवं निर्वाचन ड्यूटी से अनुपस्थित रहे, जिस कारण से इन वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई है तथा वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अंतर्गत संबंधित वाहनों के परमिट निलंबन अथवा निरस्तीकरण की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन बस मालिकों द्वारा चुनाव कार्य में लापरवाही बरती गई उन पर भी नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का किया उद्घाटन और अवलोकन

संचार जगत



नई दिल्ली/ जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन एवं एक्सपो-2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 50 प्रतिशत से अधिक विद्युत क्षमता गैर जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों पर आधारित हो चुकी है, जो कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से 5 वर्ष पहले वर्ष 2025 में ही हासिल कर लिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' की भावना के साथ भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी की उपस्थिति में 50 से अधिक प्रमुख निवेशकों के साथ राउंड टेबल बैठक की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक संभावनाओं एवं उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। राउंड टेबल बैठक में ब्रुकफील्ड, रिन्यू, आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स, जिंदल समूह और अवाडा सहित अन्य प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान की स्टॉल्स का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। इस दौरान ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे।

'अक्षय ऊर्जा उत्पादन एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना में राजस्थान प्रथम'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन एवं सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लगभग 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता विकसित करना है। इस दिशा में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइब्रिड परियोजनाओं एवं ऊर्जा भंडारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति लागू की है। साथ ही, मेगा अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 'राइट टू यूज' नीति जारी की गई है। वहीं, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के तहत निवेशकों को विभिन्न प्रोत्साहन एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 51 हजार मेगावाट से अधिक अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 45 हजार मेगावाट से अधिक है।

रैगर समाज सेवा संस्थान द्वारा शिवदासपुरा में रैगर दिवस मनाया



संचार जगत

चाकसू। अखिल भारतीय स्वामी आत्माराम लक्ष्य रैगर समाज सेवा संस्थान द्वारा शिवदासपुरा तहसील चाकसू में सोमवार को रैगर दिवस मनाया गया। संस्थान महामंत्री अनिल जलुथरिया ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को रैगर दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रातः 11 बजे रैगर समाज के धर्मगुरु स्वामी ज्ञानस्वरूप महाराज और त्यागमूर्ति स्वामी आत्माराम लक्ष्य के चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई का भोग लगाकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता संस्थान के अध्यक्ष सीताराम मौर्य ने बताया आज के दिन 2 नवम्बर 1944 को रैगर समाज समाज प्रथम सम्मेलन दौसा में स्वामी ज्ञानस्वरूप महाराज और त्यागमूर्ति स्वामी आत्माराम लक्ष्य के प्रयासों से आयोजित किया गया था। जिसमे समाज को जागरूक करने, शिक्षा, कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया गया था। यह समाज को नवचेतना का प्रयास था जिसके बाद हरवर्ष रैगर समाज में रैगर दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में गोरधन लाल बोहरा, पूरण जलुथरिया, गोपाल लाल खोलिया, डॉ. सीएम खटनावलिया, रामधन बोहरा, नितेश खोरवाल, करण खोरवाल आदि ने विचार व्यक्त किए। संस्थान कोषाध्यक्ष पूरणमल रहड़िया ने पधारे हुए सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

गोवंश की मौत पर फूटा गुस्सा



संचार जगत

दौसा। जिले में लंपी संक्रमण की रोकथाम और उचित इलाज की मांग को लेकर गोसेवकों और गोरक्षकों ने गांधी तिराहे पर मृत गाय रखकर रोष जताया। उनका कहना था कि जिला मुख्यालय पर बने लंपी आइसोलेशन वार्ड में दवा और इलाज के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। वार्ड की चारदीवारी नीची होने से अन्य पशुओं में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर और नगर परिषद एक्सईएन द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं सुधारने तथा बीमार और असहाय पशु-पक्षियों के लिए रेस्क्यू सेंटर और आश्रय स्थल बनवाने का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त किया गया।

पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदान दल रवाना

3 नवंबर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य तथा 5 नवंबर को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए होगा मतदान

संचार जगत



जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों एवं जिला परिषद् के वार्डों में 03 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिसर से मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत ईवीएम एवं निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री के साथ निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री प्राप्त करने के बाद दल अपने संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

वासुदेव देवनानी ने हाथीखेड़ा एवं महाराणा प्रताप नगर राजकीय विद्यालयों में किया निर्माण कार्यों का शुभारम्भ

संचार जगत



जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को हाथीखेड़ा एवं महाराणा प्रताप नगर स्थित राजकीय विद्यालयों में विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया।

विधायक कोष से कुल 22.27 लाख रुपये की लागत से ये कार्य करवाए जाएंगे। इनमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कनाड़िया, हाथीखेड़ा में 17.27 लाख रुपये की लागत से दो नए कक्षा-कक्ष तथा राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, महाराणा प्रताप नगर में 5 लाख रुपये की लागत से टीन शेड का निर्माण शामिल है। इस अवसर श्री देवनानी ने कहा कि हाथीखेड़ा विद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं, महाराणा प्रताप नगर स्थित संस्कृत विद्यालय में कमरों की खुली छत पर टीन शेड बनाया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यालयों में भवन, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सिंधी कैंप से आज से 7 दिन नहीं चलेंगी बसें



संचार जगत

जयपुर। जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर आज से 9 नवंबर तक रोडवेज बसों की एंट्री बंद रहेगी। दिवाली के समय जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने ये फैसला लिया है। हालांकि अलग-अलग रूट की इन बसों के लिए वैकल्पिक बस स्टैंड तय किए हैं। डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण नायक नूनावत ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले निजी बसों की सिंधी कैंप में एंट्री पर रोक लगाई गई थी। अब रोडवेज बसों के संचालन में भी बदलाव किया गया है। दिवाली के दौरान जयपुर के परकोटे और आसपास के बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

हुनर, हस्तशिल्प और खुशियों के रंगों से सजा राजीविका दिवाली मेला

मेले में छठे दिन उमड़े खरीदार, राजीविका दीदियों के स्वदेशी उत्पादों और आकर्षक सजावटी सामग्री की जमकर हुई खरीदारी

संचार जगत



जयपुर। राजीविका दिवाली मेला-2026 में रौनक लगातार बढ़ रही है। मेले के छठे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे आगंतुकों ने विभिन्न स्टॉल्स पर खरीदारी की और राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर, मेहनत और रचनात्मकता से तैयार उत्पादों को सराहा। राजीविका दिवाली मेला-2026 का आयोजन 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जा रहा है। मेले में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

सजावटी सामान और हस्तनिर्मित उत्पाद की भारी रेंज

मेले में हस्तनिर्मित हस्तशिल्प, आकर्षक सजावटी सामग्री, पारंपरिक कलात्मक वस्तुओं और विभिन्न घरेलू उपयोग के उत्पादों ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। दिवाली के त्योहार को खास बनाने के लिए लोगों ने अपनी पसंद के अनुसार सजावटी सामान और हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदे। स्टॉल्स पर खरीदारों की चहल-पहल से मेले का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

हस्तनिर्मित उत्पादों में दिखी राजस्थानी कला और रचनात्मकता की झलक

मेले में राजीविका दीदियों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प और सजावटी उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक कला और आधुनिक पसंद के सुंदर समन्वय से तैयार इन उत्पादों ने आगंतुकों को खूब आकर्षित किया। महिलाओं के कौशल, मेहनत और नवाचार से तैयार उत्पादों की खरीदारी ने स्थानीय कला एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के साथ महिला उद्यमिता को भी नई पहचान दी।

खरीदारी के साथ महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा

राजीविका दिवाली मेला केवल खरीदारी का मंच नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के हुनर को बाजार उपलब्ध कराने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। मेले के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन और बिक्री का अवसर मिल रहा है। इससे महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलने के साथ उनके स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सकारात्मक पहल हो रही है। राजीविका दिवाली मेला-2026 में लगातार बढ़ती आगंतुकों की सहभागिता और उत्पादों के प्रति उत्साह ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया है। मेले में राजीविका दीदियों के हुनर और स्वदेशी उत्पादों को मिल रहा प्रोत्साहन।

मालपुरा में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन कार्रवाई


संचार जगत



मालपुरा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' के तहत टोंक जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. मदन लाल गुर्जर द्वारा मालपुरा स्थित सांवरिया मिष्ठान भंडार से बर्फी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण द्वारा जनता जोधपुर स्वीट, मालपुरा से गुलाब जामुन का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आराधना शर्मा द्वारा सामंती ट्रेडिंग कंपनी, मालपुरा से डेयरी मिल्क ब्रांड घी का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर द्वारा मिथिलेश नमकीन एंड स्वीट से मावा एवं मावा बर्फी के नमूने लिए गए, सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नमूने लेकर प्रयोगशाला में जांच करवाई जा रही है। खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलावटी एवं अवधिपार खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

राज्य में बदलता मौसम

दिन के पारे में हल्की गिरावट के साथ गुलाबी सर्दी का अहसास



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में इन दिनों मौसम का एक अलग और सुहाना रूप देखने को मिल रहा है, जहां प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन के वक्त चटक धूप खिलने के बावजूद तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर समेत कई शहरों में लोग सुहावने मौसम का आनंद ले रहे हैं। वहीं उत्तर-पश्चिमी जिलों जैसे श्रीगंगानगर और बाड़मेर में अभी रातों के समय ठंड का असर थोड़ा कम बना हुआ है और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चल रहा है। हालांकि जैसे-जैसे शाम ढलती है और सुबह का वक्त होता है, अलवर, सीकर और शेखावाटी बेल्ट समेत कई इलाकों में गुलाबी ठंडक का अहसास होने लगा है। खेतों और घास-फूस पर हल्की ओस की बूंदें भी नजर आने लगी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों तक राज्य में आसमान पूरी तरह साफ और मौसम पूरी तरह शुष्क रहने की संभावना है। तापमान में कोई बड़ा उलटफेर देखने को नहीं मिलेगा और दिन की हल्की गर्मी के साथ सुबह-शाम की यह सुहानी ठंडक अभी कुछ दिन और बनी रहेगी।

राष्ट्रीय सरस मेले के आयोजन पर केंद्र से हुई चर्चा

संचार जगत



जयपुर। राज्य में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के प्रयासों के क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल से मुलाकात की। बैठक में जयपुर में दिसंबर 2026 में राष्ट्रीय सरस मेले के आयोजन तथा वीबी-जी राम जी की प्रगति पर चर्चा हुई। राजीविका द्वारा राष्ट्रीय सरस मेले का आयोजन 25 दिसंबर से 11 जनवरी 2027 तक जयपुर में प्रस्तावित है। इस 18 दिवसीय मेले का आयोजन जवाहर कला केंद्र के दक्षिणी परिसर, शिल्पग्राम एवं इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर में करने की तैयारी है। मेले के आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। मेले में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए लगभग 750 से 800 स्टॉल प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही खानपान के लगभग 50 स्टॉल, हस्तशिल्प निर्माण का सजीव प्रदर्शन, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, पारंपरिक हस्तशिल्प एवं लोक कलाओं को मंच उपलब्ध कराना तथा महिला उद्यमियों के लिए स्थायी बाजार संपर्क विकसित करना है। इसके लिए मेले के दौरान क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों का आयोजन भी प्रस्तावित है। राजसखी ब्रांड के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को डिजिटल बाजार से जोड़ने के अवसर भी उपलब्ध होंगे। बैठक में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन2.0 पर केंद्र से की चर्चा



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने नई दिल्ली में केंद्र सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के. मीना से मुलाकात की। सीजीओ परिसर में हुई बैठक में राजस्थान में जल जीवन मिशन 2.0 से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने मिशन के तहत राजस्थान से संबंधित योजनाओं के आंकड़ों का समय पर मिलान करने तथा प्रदेश के लिए 3 हजार करोड़ रुपये की राशि समय पर जारी करने का विषय रखा। योजनावार आंकड़ों के समन्वय के लिए राज्य की ओर से प्रस्तुत समेकित प्रस्ताव से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जल जीवन मिशन 1.0 और 2.0 के बीच मार्च 2024 से मार्च 2026 की अवधि में हुए व्यय से संबंधित राशि जारी करने पर भी चर्चा की गई।


सोशल मीडिया के भुगतभोगी राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को दी सीख



संचार जगत

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोशल मीडिया पर बन रही रील्स और ट्रोलिंग को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वे खुद सोशल मीडिया के भुगतभोगी हैं। जयपुर में मदन राठौड़ बीजेपी के सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में कहा कि पैसे के लालच में लोग घटिया रील्स बना रहे हैं। कार्यशाला में बीजेपी सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। दीपक म्हस्के राष्ट्रीय संयोजक बनने के बाद पहली बार राजस्थान आए हैं। इस दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि आज सोशल मीडिया के जमाने में हमारे सामने बड़ा चैलेंज हैं। हालांकि, सोशल मीडिया का उपयोग करके हमने बहुत सफलता प्राप्त की है। लेकिन आज सोशल मीडिया का लोग दुरुपयोग कर रहे हैं। हमें सावधान रहना है और नेगेटिव नेरेटिव को पकड़कर ऐसे लोगों को बेनकाब करना है। तब जाकर हमारी जीत मानी जाएगी। उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आपको कार्यशाला में यह अच्छे से समझना है कि हम समाज के सामने सही जानकारी कैसे ला सकते हैं। क्योंकि आज हमारे सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है।

जीपीएस उपकरण चोरी का हुआ खुलासा



संचार जगत

जयपुर। जयपुर में सांगानेर सदर थाना पुलिस ने दो करोड़ रुपए के जीपीएस उपकरण चोरी करने के मामले का खुलासा किया है। आरोपियों ने कंपनी के एक पुराने कस्टमर की आईडी का इस्तेमाल कर बिना भुगतान किए फर्जी ऑर्डर तैयार करवाए और उपकरण हासिल कर लिए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेवेन्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के शिपिंग सिस्टम में सेंध लगाकर करीब दो करोड़ रुपए कीमत के बैंकिंग जीपीएस उपकरण चोरी किए थे। कंपनी के पुराने कस्टूमर की आईडी का यूज कर आरोपियों ने 4826 फेक ऑर्डर तैयार किए। इनमें करीब 4500 उपकरण अलग-अलग एड्रेस पर मंगवाकर मार्केट में कम दाम में बेच दिए। कंपनी के निदेशक सार्थक जैन ने 29 अक्टूबर को सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

गोवंश की मौत पर फूटा गुस्सा



दौसा। जिले में लंपी संक्रमण की रोकथाम और उचित इलाज की मांग को लेकर गोसेवकों और गोरक्षकों ने गांधी तिराहे पर मृत गाय रखकर रोष जताया। उनका कहना था कि जिला मुख्यालय पर बने लंपी आइसोलेशन वार्ड में दवा और इलाज के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। वार्ड की चारदीवारी नीची होने से अन्य पशुओं में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर और नगर परिषद एक्सईएन द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाएं सुधारने तथा बीमार और असहाय पशु-पक्षियों के लिए रेस्क्यू सेंटर और आश्रय स्थल बनवाने का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना समाप्त किया गया।

छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में रचा इतिहास

संचार जगत



जयपुर। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2026-27 की विभिन्न अंतर महाविद्यालयी महिला खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्राओं ने बास्केटबॉल, तैराकी, शतरंज, बॉक्सिंग एवं जूडो की प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का परिचय देते हुए कुल 42 पदक अर्जित किए। इनमें तैराकी एवं जूडो में महाविद्यालय ने विजेता चैंपियनशिप प्राप्त की, जबकि बास्केटबॉल, शतरंज एवं बॉक्सिंग में उपविजेता का स्थान हासिल किया। अंतर महाविद्यालयी महिला तैराकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीतकर विजेता का खिताब प्राप्त किया। वहीं महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में टीम ने उपविजेता रहते हुए 12 रजत पदक अर्जित किए। महिला शतरंज प्रतियोगिता में छात्राओं ने उपविजेता का स्थान प्राप्त करते हुए 5 रजत पदक हासिल किए। महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 8 पदक जीतकर उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। महिला जूडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 2 कांस्य सहित कुल 6 पदक अर्जित कर विजेता चैंपियनशिप अपने नाम की। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धियाँ छात्राओं की मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम हैं।

पंचायत समितियों में वोटिंग आज



जयपुर। राजस्थान में पंचायत चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग आज होगी। जयपुर जिले में 5 पंचायत समितियों में वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। इन पंचायत समितियों के अलावा जिला परिषद के 11 वार्डो में भी वोटिंग करवाई जाएगी। इन चुनावों में 264 उम्मीदवार मैदान में है। वोटिंग सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगी। भवानी निकेतन परिसर स्थित फार्मेसी कॉलेज से जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक के निर्देशन में पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। ये पोलिंग पार्टियां इन सभी 5 पंचायत समितियों के वार्डो में आज वोटिंग करवाएंगी।

मुख्य सचिव ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव से की मुलाकात



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की विकास प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने नई दिल्ली में केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन से मुलाकात की। बैठक में राजस्थान में एआई मिशन की गतिविधियों और साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के विषयों पर चर्चा हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन में हुई बैठक में प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की गतिविधियों को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राजस्थान में साइबर अपराधों से निपटने की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम और उन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से निपटने के तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

पुलिस मुख्यालय के बाहर खड़ी दो कारें जलीं

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में पुलिस मुख्यालय के बाहर खड़ी दो कारें जलीं। सबसे पहले वहां खड़ी महिंद्रा थार में आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास में खड़ी टाटा हैरियर को भी अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। घटना जयपुर में पुलिस मुख्यालय के बाहर गेट नंबर-4 के सामने नाबार्ड के पास गली में हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने पाइप के सहारे पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, आग की चपेट में आई महिंद्रा थार पंजाब नेशनल बैंक में काम करने वाले युवक शुभम की है। शुभम ने साल 2022 में धनतेरस के मौके पर यह गाड़ी खरीदी थी। वहीं, दूसरी गाड़ी टाटा हैरियर पंजाब नेशनल बैंक में काम करने वाले राहुल की है। राहुल ने साल 2025 में यह गाड़ी खरीदी थी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

सिंधी कैंप से आज से 7 दिन नहीं चलेंगी बसें



संचार जगत

जयपुर। जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर आज से 9 नवंबर तक रोडवेज बसों की एंट्री बंद रहेगी। दिवाली के समय जयपुर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने ये फैसला लिया है। हालांकि अलग-अलग रूट की इन बसों के लिए वैकल्पिक बस स्टैंड तय किए हैं। डीसीपी ट्रैफिक प्रवीण नायक नूनावत ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इससे पहले निजी बसों की सिंधी कैंप में एंट्री पर रोक लगाई गई थी। अब रोडवेज बसों के संचालन में भी बदलाव किया गया है। दिवाली के दौरान जयपुर के परकोटे और आसपास के बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इससे सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और कई जगह जाम की स्थिति बनती है। सिंधी कैंप बस स्टैंड पर प्राइवेट और रोडवेज बसों की आवाजाही से भी आसपास की सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ता है।

क्लीन स्वीप 2.0 दूसरे दिन ही फेल

संचार जगत

जयपुर। दीपावली पर्व पर जयपुर के चादीवारी इलाके को साफ रहने के लिए शुरू किया स्वच्छता अभियान ''ऑपरेशन क्लीन स्वीप 2.0'' की दूसरे दिन ही हवा निकल गई। शनिवार रात से रविवार तड़के तक मेयर, डिप्टी मेयर, नगर निगम कमिश्नर के साथ उतरी सैकड़ों कर्मचारियों की फौज ने जो सफाई का नारा दिया। उसकी हकीकत सोमवार को दिन में नजर आ गई। ओपन डिपो पर कचरे के ढेर लगे दिखे। इससे अभियान की निरंतरता और सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चारदीवारी के कई जगहों पर ओपन कचरा डिपो भरे नजर आए। स्कूल, मंदिर के बाहर कचरा जमा दिखा। इस कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को गंदगी, बदबू से परेशानी हुई। दोपहर करीब 12 बजे तक डिपो से कचरा नहीं उठा। शनिवार रात से रविवार सुबह तक नगर निगम प्रशासन ने चारदीवारी में 2 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतारकर सफाई अभियान चलाया था।

पीएचडी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रियंका शर्मा ने बढ़ाया परिवार का गौरव

संचार जगत



जयपुर। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर की प्रतिभाशाली शोधार्थी प्रियंका शर्मा ने रसायन विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। प्रियंका शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। प्रियंका शर्मा के पिता धुपेंद्र कुमार शर्मा एवं माता श्रीमती सोनिया शर्मा ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उनकी इस सफलता पर परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आदर्श रामलीला समिति की कार्यकारिणी घोषित



संचार जगत

दौसा। वैद्यनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में धर्माचार्य डॉ. परमेश्वर गंगावत की अध्यक्षता में आध्यात्मिक आदर्श रामलीला समिति की वार्षिक बैठक एवं सामूहिक गोठ का आयोजन हुआ। इसमें आगामी सत्र के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। कार्यकारिणी में आचार्य आशीष शर्मा को अध्यक्ष, अमरेश जाकड़ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदीप नागर को उपाध्यक्ष, महेश आचार्य को सचिव, राकेश शर्मा को प्रवक्ता एवं डायरेक्टर तथा उमाशंकर गुढ़ा कटला को कोषाध्यक्ष चुना गया। वैद्य महेश चंद्र मिश्रा, शंकर लाल शर्मा, सुभाष घोसी और लक्ष्मीकांत शर्मा संरक्षक मंडल में शामिल किए गए, जबकि वैद्य मोहनलाल गौतम, महेंद्र शर्मा और डॉ. विजय प्रकाश शर्मा मार्गदर्शक मंडल में मनोनीत हुए।



संपादकीय

डिजाइन के कचरे में

इंजीनियरिंग की कसौटी में प्रदेश का विकास अगर पचास साल भी लांघ जाए, तो हैरानी होगी। इमारतों पर टिके दस्तावेज भले ही सियासी शेखियों में आगे बढ़ जाएं, मगर गुणवत्ता का हिसाब बार-बार टूट रहा है। एक बड़ा उदाहरण टांडा मेडिकल कालेज के प्रांगण में मिलता है, जहां वर्षों से बन रहा मदर एंड चाइल्ड अस्पताल इंजीनियरिंग की खामियों का पुलिंदा बन चुका है। 44 करोड़ की इमारत को इतनी भी लाज नहीं आई कि अस्पताल की सीढ़ियों के साथ रैंप की भी जरूरत है। जाहिर है पीडब्ल्यूडी के डिजाइन विंग ने अपनी काबिलीयत का प्रदर्शन करते हुए सोचा होगा कि एक बार बिना रैंप के अस्पताल खड़ा करके देखा जाए कि देखने में कैसा लगता है। आश्चर्य यह कि इस अधूरे और अव्यावहारिक भवन पर किसी नेता का नाम चस्पां हो जाता है, लेकिन अतिरिक्त 3.31 करोड़ खर्च करके भी अस्पताल का रैंप सही तरह से निर्मित नहीं होता। सरकारी धन की कोफ्त नहीं होती इसलिए मदर एंड चाइल्ड केयर अस्पताल दर्शनीय है और जहां केवल सियासत प्रतिबिंबित होती है। एक किस्सा धर्मशाला का भी है जहां उपायुक्त कार्यालय के समीप लाखों का ओवर हेड ब्रिज ऐसे बनाया कि दस वर्षों से कोई बंदा उस पार जाने की जहमत नहीं उठा पाया। किसी ने तो डिजाइन बना कर सीढ़ियां बनाई होंगी, किसी ने तो परियोजना का प्रारूप बनाया होगा। आश्चर्य यह कि ओवर हेड ब्रिज की नालायकी को ढांपने के लिए अब इसे प्रचार की सीडी से ढांप दिया गया है यानी एक गलती पर विराम लगाने के लिए दूसरी गलती चस्पां की जा रही है। हैरानी होती है कि हिमाचल में कमोबेश एक जैसी ड्राइंग के ऊपर स्कूल-कालेज भवन बन जाता है और उसी के ऊपर अस्पताल भी शुरू हो जाता है। प्रदेश में दो स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की मंजूरी से एक बार तो लगा कि कुछ बदलाव आएगा, मगर यह फंड भी डिजाइन के कचरे में डूब गया। शिमला की धरोहर इमारतों के बीच स्मार्ट सिटी का लोहा केवल बोझ बढ़ा कर रह गया, जबकि धर्मशाला की कब्र बना स्मार्ट रोड सारे शहर को बदनाम करता है। ये कौन से कमिश्नर हैं जो नगर निगमों के हिस्से में आ रहे हैं। केंद्रीय औद्योगिक पैकेज से हिमाचल और उत्तराखंड को एक जैसी सहूलियतें मिलीं, लेकिन हम बीबीएन का नक्शा आज तक मुकम्मल नहीं कर पाए, जबकि उत्तराखंड ने पांच सितारा रैंकिंग के हरिद्वार, पंतनगर जैसे औद्योगिक केंद्रों के कारण उत्पादकता का योगदान स्थापित किया। शिमला के विस्तार में हमने वो वास्तुकला बर्बाद की है, जो कभी पर्वतीय नियोजन की मिसाल थी। न्यू शिमला के निर्माण में प्रदेश ने यह स्थापित कर दिया कि हम इतिहास, परंपरा, प्रकृति और परिवेश के अनुकूल योजना बनाने में असफल हैं। यूं तो शहरी विकास तथा नियोजन विभागों की परिधि में हिमाचली प्रगति का नक्शा जिम्मेदार होना चाहिए था, मगर हमने लापरवाहियों के कंगूरे खड़े कर दिए।

उमर अब्दुल्ला सरकार पर संकट, 25 विधायकों ने दिया अल्टीमेटम

विधायक चाहते हैं कि सरकार में नए मंत्रियों को शामिल करने के लिए पारदर्शी और योग्यता आधारित प्रक्रिया अपनाई जाए। उनका कहना है कि मंत्रियों की नियुक्ति का फैसला किसी चुनिंदा समूह के बजाय पूरी विधायक दल की राय लेकर किया जाना चाहिए। नाराज खेमे की यह मांग सीधे तौर पर मुख्यमंत्री और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। अगर नेतृत्व इन मांगों को स्वीकार करता है तो सरकार के मौजूदा मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की नौबत आ सकती है।



जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। चर्चा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 नाराज विधायकों ने पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। उनकी मांग है कि सभी मौजूदा मंत्रियों को हटाकर नया मंत्रिमंडल बनाया जाए और मुख्यमंत्री के सलाहकार की विदाई हो। इस बीच एनसी सांसद आगा रुहुल्लाह ने तीन नवंबर को पार्टी और लोकसभा से इस्तीफे का ऐलान किया है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सत्ताधारी नेशनल कॉन्फ्रेंस के भीतर सियासी घमासान तेज होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार को अब पार्टी के भीतर से ही चुनौती मिलने लगी है। बताया जा रहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के करीब 25 नाराज विधायकों ने पार्टी नेतृत्व को अपनी मांगें पूरी करने के लिए 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने चेतावनी दी है कि अगर तय समय में उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे राजभवन जाकर सरकार से अपना विधायी समर्थन वापस लेने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। अगर यह नाराजगी समर्थन वापसी तक पहुंचती है तो उमर अब्दुल्ला सरकार के सामने बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो सकता है। बागी खेमे की मांगों में मौजूदा मंत्रियों को उनके पदों से हटाना, मुख्यमंत्री के सलाहकार की तत्काल विदाई और नए सिरे से मंत्रिमंडल का गठन शामिल बताया जा रहा है। चर्चा है कि नाराज विधायकों ने पार्टी नेतृत्व के सामने अपनी मांगों की एक लिस्ट रखी है। उनकी सबसे बड़ी मांग है कि मौजूदा मंत्रियों को अगले 14 दिनों के भीतर उनके विभागों और जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के सलाहकार को तत्काल हटाने की मांग भी की गई है। विधायक चाहते हैं कि सरकार में नए मंत्रियों को शामिल करने के लिए पारदर्शी और योग्यता आधारित प्रक्रिया अपनाई जाए। उनका कहना है कि मंत्रियों की नियुक्ति का फैसला किसी चुनिंदा समूह के बजाय पूरी विधायक दल की राय लेकर किया जाना चाहिए। नाराज खेमे की यह मांग सीधे तौर पर मुख्यमंत्री और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। अगर नेतृत्व इन मांगों को स्वीकार करता है तो सरकार के मौजूदा मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की नौबत आ सकती है। मंत्रिमंडल में बदलाव के अलावा नाराज विधायकों ने पार्टी की विचारधारा और चुनावी घोषणापत्र को लेकर भी असंतोष जताया है। उनकी मांग है कि सरकार जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 और आर्टिकल 35 ए की बहाली के मुद्दे को ज्यादा मजबूती से उठाए। विधायकों का मानना है कि पार्टी ने चुनाव के दौरान जिन संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा उपायों की बहाली का वादा किया था, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार को अधिक सक्रिय रुख अपनाना चाहिए। वे केंद्र की बीजेपी नेतृत्व वाली सरकार के सामने इन मुद्दों को मजबूती से उठाने की मांग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि असंतुष्ट विधायक इन मुद्दों पर किसी तरह के समझौते के खिलाफ हैं। उनका आरोप है कि सरकार और पार्टी नेतृत्व अपने वैचारिक वादों पर अपेक्षित मजबूती नहीं दिखा रहे हैं। इन नाराज विधायकों ने कथित तौर पर साफ कर दिया है कि अगर 14 दिन के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे राजभवन जाकर सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की बात रखेंगे। यह चेतावनी उमर अब्दुल्ला सरकार के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस के पास विधानसभा में 41 विधायक हैं। अगर पार्टी के भीतर से ही 25 विधायक अलग रुख अपनाते हैं और समर्थन वापस लेते हैं तो सरकार की राजनीतिक स्थिति कमजोर हो सकती है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सभी 25 विधायक एक साथ समर्थन वापसी का औपचारिक कदम उठाएंगे या यह दबाव बनाने की रणनीति है, लेकिन पार्टी के भीतर असंतोष की खबरों ने सरकार और नेतृत्व की मुश्किलें जरूर बढ़ा दी हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए मुश्किलें सिर्फ विधायकों की नाराजगी तक सीमित नहीं हैं। श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के इस्तीफे के ऐलान ने भी पार्टी नेतृत्व पर दबाव बढ़ा दिया है। रुहुल्लाह ने घोषणा की है कि वह तीन नवंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस और लोकसभा की सदस्यता, दोनों से इस्तीफा देंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर आरोप लगाया है कि वह अपनी वैचारिक प्रतिबद्धताओं से पीछे हट रहा है और चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। रुहुल्लाह ने खास तौर पर 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के विशेष संवैधानिक दर्जे में किए गए बदलावों को चुनौती देने के वादे पर पार्टी के रुख की आलोचना की है। उनका कहना है कि पार्टी इस मुद्दे पर अपने पुराने रुख के मुताबिक मजबूती से आगे नहीं बढ़ रही है। एक तरफ सांसद रुहुल्लाह पार्टी नेतृत्व के खिलाफ खुलकर नाराजगी जता रहे हैं, तो दूसरी तरफ 25 विधायकों की कथित बगावत की खबरें सामने आ रही हैं। इससे नेशनल कॉन्फ्रेंस के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं और नेशनल कॉन्फ्रेंस के पास 41 विधायक हैं. ऐसे में पार्टी के 25 विधायकों की नाराजगी सरकार के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। अगर ये विधायक एकजुट होकर समर्थन वापस लेने का फैसला करते हैं तो सरकार की संख्या और बहुमत का गणित प्रभावित होगा। निर्दलीय विधायकों और बाहरी सहयोगियों का समर्थन होने के बावजूद उमर सरकार के लिए विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, सिर्फ नाराजगी जताने या समर्थन वापस लेने की चेतावनी देने से सरकार अपने आप नहीं गिरती। इसके लिए विधानसभा में संख्याबल और विश्वास मत की स्थिति अहम होगी। फिलहाल 25 विधायकों की कथित नाराजगी और उनके अल्टीमेटम को लेकर पार्टी नेतृत्व की ओर से क्या कदम उठाया जाता है, इस पर सबकी नजर है।

खत्म होना चाहिए शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र



विधान परिषदों में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों की प्रासंगिकता और उनके पुनर्गठन की आवश्यकता एक ऐसा विषय है, जिस पर आज बेहद गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भारत के संविधान निर्माताओं ने जब देश के उच्च सदन यानी राज्य सभा और राज्यों के उच्च सदन यानी विधान परिषद की परिकल्पना की थी, तो उनका मुख्य उद्देश्य यही था कि राजनीति के आपाधापी भरे माहौल से दूर, समाज के अनुभवी, ज्ञानी और विशेषज्ञ लोग भी नीति निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा बन सकें। संविधान की मंशा यह थी कि विधायिका में केवल वही लोग न पहुंचे जो केवल जनसभाओं और राजनीतिक रैलियों के जरिए चुनाव जीतकर आते हैं, बल्कि ऐसे प्रबुद्ध जन भी वहां आएं जो राज्य और समाज के बुनियादी मुद्दों को बौद्धिक और व्यावहारिक धरातल पर समझ सकें। इसी सोच के तहत राज्य सभा में विभिन्न क्षेत्रों से बारह विशिष्ट व्यक्तियों के मनोनयन का प्रावधान किया गया, जबकि राज्यों की विधान परिषदों में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र जैसी विशेष व्यवस्थाएं की गईं। संविधान निर्माण के दौर में इन दो वर्गों को चुनने के पीछे एक मजबूत सामाजिक और ऐतिहासिक आधार था। उस समय देश में साक्षरता की दर बेहद कम थी। किसी गांव या कस्बे में एक या दो लोग ही स्नातक हुआ करते थे और उन्हें पूरा समाज बहुत सम्मान और उम्मीद की दृष्टि से देखता था। स्नातकों को समाज के सजग, तार्किक और जागरूक प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता था, जिनसे यह अपेक्षा थी कि वे राज्य की समस्याओं को समझकर सदन के सामने रख सकेंगे। इसी तरह, उस दौर में शिक्षकों का पद केवल एक नौकरी भर नहीं था, बल्कि वे समाज के दिशा-निर्देशक और विचार-निर्माता माने जाते थे। शिक्षकों से यह उम्मीद की जाती थी कि वे शैक्षणिक व्यवस्था की कमियों के साथ-साथ राज्य की भावी पीढ़ी की जरूरतों और सामाजिक समस्याओं पर बेबाक आवाज उठाएंगे। इस व्यवस्था का मूल तत्व यही था कि शिक्षक और स्नातक कोटे से चुने गए प्रतिनिधि समाज के सबसे बुद्धिजीवी वर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे और बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के जनहित के मुद्दों पर ठोस बहस करेंगे। लेकिन स्वतंत्रता के सात दशकों से भी अधिक समय बाद आज की वास्तविक स्थिति संविधान निर्माताओं की उस मूल भावना से पूरी तरह भटक चुकी है। जिस प्रबुद्ध वर्ग से सदन की गरिमा बढ़ाने और रचनात्मक चर्चा करने की अपेक्षा थी, आज वह वर्ग भी पूरी तरह से दलीय राजनीति और चुनावी जोड़-तोड़ की चपेट में आ चुका है। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों का बड़े पैमाने पर राजनीतिकरण हो चुका है। चुनावों में जनकल्याण, नीतिगत सुधार, क्षेत्र विशेष के मुद्दे और उम्मीदवारों की योग्यता जैसी बातें बहुत पीछे छूट जाती हैं। इनकी जगह केवल उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के अपने संकुचित हित हावी हो जाते हैं। इन चुनावों में भी अब वही हथकंडे अपनाए जाने लगे हैं जो आम विधानसभा या लोकसभा चुनावों में देखने को मिलते हैं। आज विधान परिषद के इन चुनावों का परिणाम भी काफी हद तक चुनाव प्रबंधन, धनबल और सांगठनिक संसाधनों के इस्तेमाल पर निर्भर करने लगा है। जो उम्मीदवार या दल संसाधनों का जितना बेहतर प्रबंधन कर लेता है, वह चुनाव जीत जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में वे योग्य और विचारशील लोग हाशिए पर चले जाते हैं जो वाकई जन समस्याओं को गहराई से समझते हैं और उनके समाधान के लिए निष्ठापूर्वक काम करना चाहते हैं। ऐसे प्रबुद्ध लोग चुनावी प्रबंधन और दलीय राजनीति के पैंतरों के आगे टिक ही नहीं पाते। इसके परिणामस्वरूप, जो लोग इन कोटे से जीतकर विधान परिषदों में पहुंचते हैं, वे अक्सर समाज या क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के बजाय अपने राजनीतिक करियर को मजबूत करने और दलीय एजेंडे को आगे बढ़ाने में ही लगे रहते हैं। इससे वह बुनियादी मकसद ही खत्म हो जाता है जिसके लिए संविधान में यह विशेष प्रावधान किया गया था। इसके अलावा, इन चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी का बहुत कम होना भी एक बड़ी चिंता का विषय है। स्नातक और शिक्षक जैसे जागरूक समझे जाने वाले वर्ग के चुनाव होने के बावजूद इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बेहद निराशाजनक रहता है। एक तरफ जहां जागरूकता की कमी और जटिल पंजीयन प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में पात्र लोग मतदाता सूची में नाम ही दर्ज नहीं कराते, वहीं दूसरी तरफ जो पंजीकृत होते हैं, उनमें से भी बहुत कम लोग वोट डालने निकलते हैं।

सिर्फ बैंकिंग सुधारों से नहीं चलेगा काम, काम के ढांचे में बदलाव की बड़ी जरूरत



केंद्र सरकार ने गत सप्ताह एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया ताकि देश के बैंकिंग क्षेत्र के हालात की समीक्षा की जा सके और यह नियामकीय, ढांचागत, संस्थागत और विधायी सुधारों की अनुशंसा कर सके। इसके पीछे उद्देश्य भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, समावेशी और इतना मजबूत बनाना है कि वह 2047 तक विकसित देश की जरूरतों को पूरा कर सके। इस समिति का गठन इस वर्ष के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के बाद किया गया है। पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त सुरेश एन. पटेल की अध्यक्षता वाली इस समिति को कई महत्त्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें बैंकिंग संबंधी कार्यप्रणालियां और विवेकपूर्ण नियामकीय मानदंड, मौजूदा नियामकीय एवं कानूनी ढांचा, पूंजी संबंधी आवश्यकताओं से जुड़े मुद्दे (विकास वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित) तथा प्राथमिकता क्षेत्र ऋण ढांचा शामिल हैं। समिति को बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डिजिटल नवाचार का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। वर्तमान स्थिति का आकलन करने और भविष्य की संभावनाओं के साथ-साथ उनसे जुड़े नियामकीय एवं कानूनी ढांचे की समीक्षा करने वाली किसी भी पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। भारत को मुख्य रूप से बैंक वित्तपोषण पर निर्भर अर्थव्यवस्था माना जाता है। एक कुशल बैंकिंग प्रणाली बचत को वास्तविक निवेश में लगाने में मदद कर सकती है। समिति के कार्यक्षेत्र में भी लगभग सभी महत्त्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। हालांकि यह बैंकिंग प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेगी लेकिन कुछ विशिष्ट मुद्दों पर इसकी टिप्पणियों का विशेष रूप से इंतजार रहेगा। भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, सहकारी बैंक और नई पीढ़ी के पेमेंट्स बैंक तथा स्मॉल फाइनैंस बैंक मौजूद हैं। इससे बैंकिंग क्षेत्र काफी विविधतापूर्ण और गतिशील बना है। विभिन्न अनुमानों से पता चलता है कि देश में ऋण की मांग का एक बड़ा हिस्सा अब भी पूरा नहीं हो पा रहा है। मसलन नीति आयोग की 2025 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2020-21 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की ऋण संबंधी मांग का केवल 19 फीसदी हिस्सा ही औपचारिक स्रोतों के माध्यम से पूरा हो पाया था। वास्तव में समिति के लिए यह एक अच्छा शुरुआती बिंदु हो सकता है। आखिर ऋण की इतनी बड़ी मांग अधूरी क्यों रह जाती है? यह भी देखना होगा कि क्या आज भारत को इतने अधिक सरकारी बैंकों की आवश्यकता है। याद रहे कि वैश्विक वित्तीय संकट के बाद केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बड़े पैमाने पर पूंजी डालनी पड़ी थी। सरकारी बैंकों के लिए अलग मानदंड के मुद्दे पर भी बहस होती रही है। सामान्य रूप से नियमन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए इस वर्ष की शुरुआत में एक बड़े निजी बैंक के चेयरमैन ने प्रशासनिक और नैतिक मुद्दों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफा दे दिया था। ये मुद्दे वास्तव में क्या थे यह अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है। बड़े बैंक पूरी वित्तीय व्यवस्था के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं इसलिए ऐसी घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। समिति प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के ढांचे से जुड़े बहुचर्चित मुद्दे की भी समीक्षा करेगी। कई लोगों का मानना है कि इस ढांचे में बदलाव की जरूरत है।

पटरी पर धीमी वापसीः इसरो का जीएसएलवी-एफ18 मिशन



जीएसएलवी-एफ18 मिशन के सफल प्रक्षेपण और एनवीएस-03 उपग्रह की सेहतमंद स्थिति के साथ, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन राहत की सांस ले पाने की राह पर है। पीएसएलवी रॉकेटों - जिनके डिजाइन के कुछ पहलू जीएसएलवी से मिलते-जुलते हैं - के इस्तेमाल वाले दो प्रक्षेपणों की नाकामियों के परिणामस्वरूप पिछले 18 महीने से इसरो का कामकाज ठिठका-सा रहा है। इस हद तक कि एफ18 मिशन साल 2026 का केवल दूसरा सफल प्रक्षेपण था। अगर एनवीएस-03 उपग्रह को उसकी अंतिम वांछित कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंचाकर चालू कर दिया जाता है, तो इसरो 'नेविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन' कार्यक्रम के बचाव अभियान में भी सफल हो जायेगा। पिछले छह महीनों से इस कार्यक्रम में कम-से-कम एक चालू उपग्रह कम पड़ रहा है, जिसके चलते यह भारतीय उपमहाद्वीप में स्वतंत्र पोजिशनिंग सेवाएं मुहैया कराने का अपना प्राथमिक उद्देश्य पूरा करने में असमर्थ है। अब तक प्रक्षेपित दूसरी पीढ़ी के तीनों एनवीएस उपग्रहों की एक खास बात यह है कि इनमें कम-से-कम एक स्वदेश-निर्मित परमाणु घड़ी लगी है। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों और क्वांटम टाइमकीपिंग में भारत के निवेश के अनुरूप है, और पहली पीढ़ी के आईआरएनएसएस उपग्रहों में लगी आयातित घड़ियों से अलग राह है। पीएससी ने इसरो के कार्यक्रमों में खरीद से जुड़ी दिक्कतों की ओर भी इशारा किया है, जिनमें स्पेशलाइज्ड कंपोनेंट प्राप्त करने में आ रही मुश्किलें और 'नाविक' की जरूरत के मुताबिक समय सीमा में वेंडरों की तैयारी सुनिश्चित करने से जुड़ी चुनौतियां शामिल हैं। इसरो के स्पेस अप्लीकेशन्स सेंटर द्वारा साल 2025 में जारी 'प्रस्तावों के लिए अनुरोध' में अनुबंध के आरंभ और प्रथम दो फ्लाइट मॉडलों के बीच तकरीबन दो साल का लंबा समय रखा गया। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्यूफैक्चरिंग स्कीम और सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी को आधुनिक बनाने के कार्यक्रम में इन जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ बदलाव किये जा सकते हैं। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय पांच से सात साल के एक कार्यक्रम में स्पेशलाइज्ड कंपोनेंट विकसित करने और उनके क्वालिफिकेशन टेस्ट के लिए अलग फंड भी बना रहा है। इसी क्रम में, सरकार को साल 2026-27 के 13,705.6 करोड़ रुपयों के मुकाबले, साल 2027-28 के केंद्रीय बजट में अंतरिक्ष विभाग के लिए लगभग 17,000 करोड़ रुपये आवंटित करने चाहिए और यह बढ़ोतरी प्रक्षेपण वाहनों के निर्माण, पुराने उपग्रहों को बदलने, और भर्ती पर केंद्रित हो। इसके अलावा, 'नाविक' के लिए एक अलग संचालक की भी जरूरत है, ताकि इसरो अपनी मुख्य जिम्मेदारी पर ध्यान दे सके। और, भारत को एक राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की भी आवश्यकता है, जो इस क्षेत्र में निजी भागीदारी, और जवाबदेही के विषयों को देखे। एक साल के पांच बटे छह हिस्से में केवल दो सफल 'ऑर्बिटल मिशन' एक ऐसे राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मुनासिब नहीं, जिसकी भविष्य की योजनाओं में मानव अंतरिक्ष-उड़ान, अंतरिक्ष स्टेशन और दोबारा इस्तेमाल होने लायक प्रक्षेपण वाहन जैसी क्षमताएं शामिल हैं।

लघु कथा

गिरहकट

पन्ना, मैक, लंबू, हीरा, छोटू इनके असली नाम नहीं थे लेकिन दुनिया अब इसे ही इनका असली नाम मानती थी। मंगल प्रसाद गुप्ता ही पन्ना था, मथुरादास पांडे मैक बन चुका था। लंबू का असली नाम खलील अहमद था। अब का हीरा कभी हरजिंदर हुआ करता था और आफताब को सब छोटू के नाम से जानते थे। वैसे तो ये लोग अलग-अलग धर्मों के थे मगर एक ही चीज थी जो इन्हें जोड़ती थी वो था इनका लक्ष्य। ये मजहब से अलग मगर मकसद से एक थे। इन सभी का इकलौता लक्ष्य था दूसरे की जेबों से माल उड़ाना। ये पोशीदा भेड़िये थे जिन्हें दुनिया गिरहकट के नाम से जानती थी। ये शहरी जंगलात के भेड़िये थे। मगर ये भी वास्तविक जंगल के भेड़ियों की तरह समूह में शिकार किया करते थे। जिसने कामयाबी से शिकार किया सबसे पहला और बड़ा हिस्सा उसका, लेकिन झुंड में सभी को हिस्सा मिलता था। कोई रेकी करता था। कोई पॉकेट पर हाथ मारता था तो कोई बटुआ लेकर भागता था, कुछ का रोल इसके बाद शुरू होता था। इन सभी शहरी भेड़ियों ने पूरी ट्रेनिंग ले रखी थी। टास्क शुरू हुआ, एक वृद्ध महिला को पन्ना ने स्पॉट किया और उसने मैक को काम करने का इशारा किया। बस में चढ़ने की जद्दोजहद कर रही वृध्द महिला को पन्ना ने बस में चढ़ाते हुए कहा 'आंटी जी ,जल्दी कीजिये मैं सहारा देता हूँ ना आपको 'ये कहकर बस में चढ़ाते हुए उसने उस वृध्द महिला का छोटा सा बटुआ ब्लाउज से खींच लिया। आंटी पन्ना की ये हरकत जान गयीं । उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया । भीड़ जब तक कुछ समझ पाती तब तक पन्ना ने बटुआ पहले से बस में मौजूद मैक की तरफ उछाल दिया। पन्ना बस में घिर गया मगर मैक ने बटुआ कैच किया और तत्काल बस की खिड़की से बाहर कूद गया। सब लोग बटुआ लिए मैक की तरफ भागे तब तक भीड़ से हाथ झटक कर पन्ना भी भाग निकला। पकड़े जाने पर मैक की बेतहाशा पिटाई शुरू हो गई। गिरहकट को पीट रहे दोनों युवकों के सामने अचानक एक तीसरा युवक आया। वो पिटाई शांत कराते हुए बोला - 'बहुत पिट चुका है ये अब और ज्यादा मारोगे तो ये मर जायेगा। फिर पुलिस का लफड़ा हो जायेगा। वैसे भी पैसे तो आंटीजी को वापस मिल ही चुके हैं । एक काम करो इसे कोतवाली ले चलते हैं। वहाँ पर पुलिस इनकी कायदे से तुड़ाई भी करेगी और जेल भी भेज देगी ,तब इनकी अक्ल ठिकाने आएगी । तीसरे युवक की बात सुनकर दोनों युवकों ने पीटना बंद कर दिया और भीड़ ने भी तीसरे युवक की बात का समर्थन किया , वास्तव में पुलिस के लफड़े में कोई नहीं पड़ना चाहता था चाहे पीड़ित हो या भीड़।

आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : सीएम योगी

संचार जगत



गोरखपुर । गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन, सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता दर्शन में कुछ लोगों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर गलत रिपोर्ट लगाए जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर सीएम योगी की कड़ी नाराजगी जताई। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान देकर समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराया जाए। जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने समस्या सुनते हुए लोगों को भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जबरन जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

राहुल गांधी की रैली के बाद अब बीजेपी ने खोला मोर्चा

संचार जगत



हैदराबाद। राहुल गांधी की रैली के बाद अब बीजेपी ने मोर्चा खोल दिया है। एक तरफ राहुल गांधी वोट चोरी का नैरेटिव बना कर बार-बार सड़क पर भीड़ जुटा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ बीजेपी भी भयंकर पलटवार कर रही है। राहुल की रामलीला रैली के बाद बीजेपी दिल्ली से लेकर हैदराबाद तक लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत ताबड़तोड़ मार्च और रैलियां निकाल रही है। खुद गृह मंत्री अमित शाह मैदान में उतरे और उन्होंने हैदराबाद में पदयात्रा निकाली। अमित शाह ने हैदराबाद पहुंचकर सबसे पहले भाग्य लक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह निज़ाम कॉलेज पहुंचे, यहां से उन्होंने मार्च की शुरुआत की। अमित शाह की यह पदयात्रा निजाम कॉलेज में बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा से मोजमजाही चौराहे तक हुई। उधर बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन भी ग्राउंड पर एक्टिव हैं। नितिन नवीन ने बिहार के भागलपुर में मार्च किया। इसके बाद वह दोपहर में कोलकाता पहुंचे। नितिन नवीन ने कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट से धर्मतला तक 2 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकाला। नितिन नवीन के साथ सीएम शुभेंदु अधिकारी और प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य भी मार्च में शामिल हुए। वहीं आज मुंबई में बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ता और बड़े नेता दादर के शिवाजी पार्क से पैदल मार्च करते हुए कामगार मैदान तक पहुंचे। एक नवंबर को सिख विरोधी दंगे की बरसी पर राहुल ने रैली की थी। इसके विरोध में दिल्ली बीजेपी ने भी प्रोटेस्ट किया। 1984 के सिख-विरोधी नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब से गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब तक न्याय मार्च निकाली गई। इसी तरह रांची में भी भाजपा ने मार्च निकाला।

केरल में हुआ बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

संचार जगत

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार ने बड़े प्रशासनिक फेरबदल में 35 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इन तबादलों से गृह, वित्त, बिजली, स्वास्थ्य और उद्योग सहित प्रमुख विभागों में बदलाव हुए हैं। इस फेरबदल में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ कनिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, जिनमें से कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां और अतिरिक्त प्रभार दिए गए हैं। अन्य परिवर्तनों में जाफर मलिक को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद केरल राज्य वस्तु एवं सेवा कर विभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस फेरबदल में पर्यटन, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास, आपदा प्रबंधन और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित कई अन्य विभागों में भी परिवर्तन शामिल हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर कसा तंज

संचार जगत



भुवनेश्वर। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि जब पूरी दुनिया इस समय उथल-पुथल और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा-नीत एनडीए सरकार के तहत भारत इन मुश्किल वैश्विक हालात के बावजूद मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भुवनेश्वर में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भारत विश्व में एआई, डिफेंस प्रोडक्शन और नई तकनीक के क्षेत्र में जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, यह बहुत सी शक्तियों को अच्छा नहीं लग रहा है। त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि इस वक्त देश के लोकतंत्र के लिए स्वयं कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खतरा बन गए हैं। वे अराजकता उत्पन्न कर रहे हैं, लेकिन ठोस तथ्य यह है कि ओडिशा में कांग्रेस 25 वर्ष से गायब है। भाजपा सांसद ने कहा कि 1995 से गुजरात से कांग्रेस गायब है, 1990 से यूपी-बिहार से कांग्रेस गायब है, 1977 से बंगाल से गायब है, और 1967 से कांग्रेस तमिलनाडु से बाहर है। त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम से 30 वर्षों से कांग्रेस गायब है। इसीलिए ये लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। केरल में उनकी सरकार है और केरल के गृह मंत्री बोल चुके हैं कि एसआईआर से उन्हें लाभ हुआ है। कांग्रेस से सवाल है कि जहां उनकी सरकारें हैं, वे लोग सही बोल रहे हैं या आप सही बोल रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी जिन 13 करोड़ लोगों की बात कर रहे हैं, उनमें 2 करोड़ 80 लाख मृत लोग हैं, 12 करोड़ लोग शिफ्ट हो गए हैं, उसमें से 6 करोड़ लोग दूसरी जगह मतदाता बन गए हैं।

वायुसेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात



संचार जगत

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अशुतोष दीक्षित ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख का पदभार संभालने के बाद रक्षा मंत्री के साथ उनकी यह पहली मुलाकात हुई। राजनाथ सिंह ने एयर चीफ मार्शल दीक्षित को एक विशिष्ट वायु योद्धा बताते हुए कहा कि वे अपने उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। रक्षा मंत्री ने एयर चीफ मार्शल अशुतोष दीक्षित को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एयर चीफ मार्शल अशुतोष दीक्षित का कार्यकाल अच्छा रहेगा। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद एयर चीफ मार्शल अशुतोष दीक्षित वायुसेना के नए चीफ बने हैं। इससे पहले वह वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत थे।

चक्रवात मुरासु को लेकर प्रशासन सतर्क

गजपति। बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवात मुरासु को लेकर ओडिशा के गजपति जिले में जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार यह चक्रवात आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है, लेकिन इसका असर ओडिशा के गजपति जिले में भी देखने को मिल सकता है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। यह इलाका अभी चक्रवात अर्नब के असर से पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है कि एक और चक्रवात का खतरा मंडराने लगा है। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। जिले में 500 से अधिक अस्थायी चक्रवात आश्रय स्थल तैयार किए गए हैं। निचले और जोखिम वाले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा, भूस्खलन की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी के लिए विशेष उपकरण लगाए गए हैं।

आरक्षण विसंगति पर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 68 हजार 500 सहायक अध्यापक भर्ती 2018 में आरक्षण विसंगति को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। पिछले 63 दिनों से ईको गार्डन में धरना दे रहे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने विधानसभा के सामने प्रदर्शन कर सरकार से संशोधित परिणाम जारी करने और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की। सात दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों ने सड़क पर बैठकर अपना विरोध जताया। बाद में पुलिस ने उन्हें जबरन हटाकर बसों से ईको गार्डन पहुंचा दिया। इस दौरान पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प हुई। अभ्यर्थियों का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए समान अर्हता मानक अपनाए गए, जबकि ओबीसी वर्ग को आरक्षण का नियमानुसार लाभ नहीं दिया गया। उनका दावा है कि इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अपने अधिकारों से वंचित रह गए। इस मामले में उन्होंने बेसिक शिक्षा नियमावली, उत्तर प्रदेश आरक्षण नियमावली और एनसीटीई की गाइडलाइन की अनदेखी का आरोप लगाया है। अभ्यर्थियों के मुताबिक उन्होंने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग और विधान परिषद की सामाजिक न्याय एवं सद्भाव समिति के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। उनका दावा है कि इन संस्थाओं ने उनके पक्ष में संस्तुतियां और आदेश जारी किए हैं। उनकी मांग है कि ओबीसी अभ्यर्थियों को आरक्षित श्रेणी का लाभ देते हुए 150 में 60 अंक यानी 40 प्रतिशत अर्हता के आधार पर परिणाम संशोधित किया जाए और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिले। अभ्यर्थियों ने आरक्षण विसंगति के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की भी मांग की। उन्होंने कहा कि शासन से ठोस लिखित निर्णय मिलने तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

कुशीनगर में सड़क हादसा, 6 लोगों की मौत 2 गंभीर घायल



संचार जगत

कुशीनगर। एक मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां मनाकर घर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। कुशीनगर में हुए भीषण सड़क हादसे ने एक ही गांव के कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ओमनी वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों को बाहर निकालने के लिए गैस कटर तक की मदद लेनी पड़ी। घटना हाटा कोतवाली क्षेत्र के थरुआडीह के पास की है जहां रविवार देर रात ओमनी वैन और ट्रेलर की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। वैन में कुल आठ लोग सवार थे, जो रिश्तेदारी में तिलक समारोह में शामिल होकर अपने गांव भलुही लौट रहे थे। इस दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वेतन बढ़ाने की मांग पर कपड़ा श्रमिकों ने किया उग्र प्रदर्शन

संचार जगत



ढाका । बांग्लादेश की राजधानी ढाका और उसके आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में कपड़ा श्रमिकों का आंदोलन उग्र हो गया है। न्यूनतम मासिक वेतन 30 हजार टका करने की मांग को लेकर हजारों श्रमिकों ने प्रमुख राजमार्गों को जाम कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। विभिन्न फैक्ट्रियों के करीब एक हजार श्रमिक ढाका-टंगाइल राजमार्ग पर पल्ली विद्युत क्षेत्र में एकत्र हुए और सड़क अवरुद्ध कर दी। इससे दोनों दिशाओं में यातायात पूरी तरह ठप हो गया। गाजीपुर औद्योगिक पुलिस के अधीक्षक मोहम्मद अमजद हुसैन ने बताया कि श्रमिकों के प्रदर्शन के कारण वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई। ढाका के आशुलिया क्षेत्र में भी कई फैक्ट्रियों के श्रमिक काम छोड़कर सड़क पर उतर आए और नबीनगर-चंद्रा राजमार्ग को जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

कैट ने एलजी से की अपील

संचार जगत



नई दिल्ली। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने दिल्ली के उपराज्यपाल से राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी इलाकों में विरोध-प्रदर्शनों के लिए आधिकारिक जगह तय करने का आग्रह किया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. भरतिया ने उपराज्यपाल को लिखे पत्र में दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर विरोध-प्रदर्शनों और राजनीतिक गतिविधियों के कारण बार-बार होने वाली बाधाओं का जिक्र किया। इसमें उपराज्यपाल से हस्तक्षेप करने और संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों, जनसभाओं, प्रदर्शनों और राजनीतिक आयोजनों के लिए उपयुक्त जगहों की पहचान करें और उन्हें अधिसूचित करें। व्यापारी संगठन ने कहा कि पिछले एक महीने से भी अधिक समय से दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों और राजनीतिक गतिविधियों के कारण रुक-रुक कर लेकिन लगातार व्यवधान आ रहे हैं, जिससे बाजार, कारोबार और नागरिकों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। पत्र में कहा गया है कि हालांकि शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार हमारे लोकतांत्रिक ढांचे का एक अहम हिस्सा है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि इस अधिकार का इस्तेमाल करते समय दूसरे नागरिकों के अधिकारों और उनकी आजीविका का हनन न हो। व्यापारी संगठन का कहना है कि विरोध-प्रदर्शन के लिए तय जगहें होने से एक संस्थागत समाधान मिलेगा, जिससे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने और आर्थिक गतिविधियों को चलाने, दोनों काम बिना किसी टकराव के साथ-साथ हो सकेंगे।

जब भी समाजवादी पार्टी सत्ता में आई, यूपी में तबाही लाईः सीएम योगी

संचार जगत



गोंडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा जब भी सत्ता में आई, उत्तर प्रदेश में तबाही लाई। उसके शासन में दंगे, कर्फ्यू और अपराध का बोलबाला था। पर्व-त्योहारों से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। गरीबों के हक और नौजवानों के रोजगार पर डकैती डाली जाती थी। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा खतरे में रहती थी। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोंडा के छपिया विकासखंड की ग्राम पंचायत तेजपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में दंगा और कर्फ्यू नहीं है। लोग निर्भय होकर त्योहार मना रहे हैं। सपा और कांग्रेस अपराधियों को प्रश्रय देती हैं, जबकि भाजपा सरकार बदलाव लाती है और आस्था को सम्मान देती है। उन्होंने गौरा और मनकापुर विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी 520 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 69 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सड़क, शिक्षा और सेतु से जुड़ी इन परियोजनाओं के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र और अन्य सामग्री भी वितरित की। उन्होंने कहा कि पहले गोंडा की सड़कें बदहाल थीं और क्षेत्र पिछड़ेपन से जूझ रहा था। अब गोंडा में महाराजा देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय है। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज बन चुका है, जबकि बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है।

प्रगति और जनता की खुशहाली हमारी साझा मंजिल : नायब सिंह सैनी

संचार जगत




चंडीगढ़। पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा द्वारा संविधान पखवाड़े के तहत जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक राहें और विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हरियाणा की प्रगति और प्रदेश के लोगों की खुशहाली सभी की साझा मंजिल है। हम सभी की पहचान इस बात से है कि हम हरियाणा की जनता के प्रतिनिधि हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हीरक जयंती के इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति से इसकी गरिमा बढ़ी है और संसदीय प्रक्रियाओं, सदन की मर्यादा तथा जनप्रतिनिधियों के दायित्वों पर उनका मार्गदर्शन सभी के लिए मूल्यवान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक नवंबर, 1966 को हरियाणा अस्तित्व में आया था और उस समय विधानसभा में 54 सदस्य थे।

रूस से जुड़े तेल की खरीद का मामला

अमेरिकी टैरिफ छूट से भारत-यूएस व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

संचार जगत



नई दिल्ली। अमेरिका के रूस से जुड़े टैरिफ और प्रतिबंधों से संबंधित उपायों में रूसी मूल के तेल और गैस के प्रमुख खरीदारों को छूट देने के फैसले से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिली है। इससे कारोबारी विश्वास बहाल होगा और द्विपक्षीय व्यापार को गति देने में मदद मिलेगी। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई है। टाइम्स कुवैत की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश से द्विपक्षीय व्यापार को गति मिल सकती है, रोजगार को समर्थन मिल सकता है और 2030 तक भारत-अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल सकती है। इस आदेश से रूस से ऊर्जा खरीद से जुड़े भारतीय निर्यात पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का तत्काल खतरा कम हुआ है, जिससे कारोबारियों के बीच अनिश्चितता घटी है। इससे कंपनियों को शिपमेंट की योजना बनाने, अनुबंधों पर बातचीत करने और अधिक विश्वास के साथ निवेश संबंधी फैसले लेने की बेहतर गुंजाइश मिलेगी।

मां-पत्नी और दो मासूम बच्चों की हत्या कर युवक ने जान दी

भोपाल। मध्य प्रदेश को झकझोर देने वाली एक भयावह घटना सामने आई है। भोपाल में 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने घर पर मां, पत्नी और दो नाबालिग बच्चों की हत्या कर दी। इसके बाद उसने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना भोपाल के छोला मंदिर थाना क्षेत्र की है जिसमें शुरुआत में इसे सामूहिक आत्महत्या का मामला माना जा रहा था लेकिन शुरुआती जांच के बाद मामला कुछ अलग ही निकला। जांच से पता चला कि नरेंद्र साहू ने कथित तौर पर अपने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी और फिर खुद भी जान दे दी। भोपाल में गौर मैरिज गार्डन इलाके के पास एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में परिवार के चार सदस्यों के शव मिले।

दीपावली पर दिल्ली एनसीआर में जला सकेंगे ग्रीन पटाखे, सुप्रीम कोर्ट ने दी सीमित छूट

संचार जगत



नई दिल्ली। दीपावली पर दिल्ली-एनसीआर के लोगों को पटाखे जलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने कुछ सख्त शर्तों के साथ 7 और 8 नवंबर को प्रमाणित ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, यह छूट केवल तय समय के लिए होगी। 9 नवंबर से क्षेत्र में पटाखों पर पहले से लागू पूर्ण प्रतिबंध फिर प्रभावी हो जाएगा। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने 29 अक्टूबर को दिए आदेश में ग्रीन पटाखों के सीमित निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल की इजाजत दी। अदालत का उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए दीपावली की परंपराओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जलाए जा सकेंगे। अस्पतालों, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों और अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने की अनुमति नहीं होगी। इन इलाकों को नो-क्रैकर जोन घोषित किया जाएगा। पटाखों की बिक्री 4 से 6 नवंबर तक केवल प्रशासन की ओर से तय किए गए स्थानों पर होगी। ऑनलाइन बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी। बेरियम वाले पटाखों, लड़ियों और पारंपरिक पटाखों के निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले निर्माताओं और कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर उनके लाइसेंस भी रद्द किए जा सकते हैं।

विकसित भारत की नींव आज के स्कूली बच्चे - सुधांश पंत

संचार जगत



उदयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने विद्या भवन सोसायटी द्वारा आयोजित सीड-2 कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इसमें उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में आज के स्कूली विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 20 साल बाद यही युवा इसकी नींव होंगे। आज के स्कूली बच्चों को कुशल, दक्ष, जिम्मेदार नागरिक और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना अति आवश्यक है। सुधांश पंत ने कहा कि स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को बदलते विश्व के अनुरूप ज्ञान, मूल्यों और प्रायोगिक कौशल को उपलब्ध कराना जरूरी है। यह स्कूलों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने मिशन लाइफ पर फोकस करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की ओर प्रवृत्त करने का आह्वान किया और इसके लिए अध्यापकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत के लिए और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए अध्यापकों को बच्चों को अभी से सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के मिशन लाइफ, कैच द रैन, नशा मुक्ति अभियान, एक पेड़ माँ के नाम जैसी योजनाओ का हर विद्यालय प्रभावी क्रियान्वयन करे। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए हमें आज से ही सकारात्मक प्रयास करने होंगे। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं संस्कार आदतें जीवनभर साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान अर्जित करने या परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहे।

रैगिंग कांड में 80 स्टूडेंट्स पर अनुशासनात्मक कार्रवाई

संचार जगत



बाड़मेर। बाड़मेर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का एक गंभीर मामला सामने आया है। सीनियर छात्रों ने कथित तौर पर जूनियर छात्रों को गंदे मैसेज और कंटेंट भेजे और उन्हें गाली-गलौज और मानसिक तौर से परेशान किया है। प्रभावित स्टूडेंट्स की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन ने एंटी-रैगिंग कमेटी की जांच और सिफारिशों के बाद 80 विद्यार्थियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। इस एक्शन के तहत, 13 विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से हमेशा के लिए निकाल दिया गया है, जबकि छह को 60 दिनों के लिए एकेडमिक एक्टिविटीज से सस्पेंड कर दिया गया है। सात अन्य स्टूडेंट्स को 30 दिनों के लिए क्लास में आने से रोक दिया गया है। इसके अलावा, 11 स्टूडेंट्स को हॉस्टल से 30 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। एडमिनिस्ट्रेशन ने 34 स्टूडेंट्स को सख्त चेतावनी भी दी है, जिसमें यह साफ किया गया है कि रैगिंग या इसी तरह के गलत काम में आगे शामिल होने पर उन्हें तुरंत कॉलेज से निकाला जा सकता है। अनुशासनात्मक कार्रवाई में एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज पर भी रोक शामिल है। कार्रवाई का सामना कर रहे सभी स्टूडेंट्स को एक साल के लिए कॉलेज के स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट्स में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है। खास तौर पर, 2026 बैच के पांच जूनियर स्टूडेंट्स को भी चेतावनी दी गई है और उन्हें सही व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी गई है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनूप गुर्जर ने कहा कि एक्टिविटीज पर नजर रखने के लिए पूरे कॉलेज कैंपस में 250 कैमरे लगाए गए हैं।

सोनिया गांधी ने लालू प्रसाद से की मुलाकात

संचार जगत



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि देशभर में विपक्षी दलों को एकजुट होकर चुनौतियों का सामना करना होगा। जब तक सभी विपक्षी दल एक साथ नहीं होंगे, तब तक लड़ाई नहीं जीती जा सकती। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कार्रवाई होने तक विपक्ष चुप नहीं बैठेगा। तेजस्वी यादव ने यह बात दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुलाकात के बाद कही। सोनिया गांधी ने दिल्ली में लालू प्रसाद यादव से मुलाकात कर उनकी तबीयत का हालचाल जाना। यह मुलाकात लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से सांसद मीसा भारती के दिल्ली स्थित आवास पर हुई। इस दौरान तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि लालू यादव नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हुए थे। रविवार को उनकी सोनिया गांधी से मुलाकात हुई थी और उन्होंने लालू प्रसाद के दिल्ली में होने की जानकारी दी थी। इस पर सोनिया गांधी ने स्वयं उनसे मिलने आने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि लालू यादव और सोनिया गांधी के बीच शुरू से ही अच्छे संबंध रहे हैं। दोनों ने एक-दूसरे की कठिन परिस्थितियों में सहयोग और मदद की है। उनके परिवार और गांधी परिवार के बीच भी काफी पुराना रिश्ता है। काफी समय बाद दोनों की मुलाकात हुई है। सोनिया गांधी ने लालू प्रसाद की तबीयत की जानकारी ली और उनका ख्याल रखने को कहा।

पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आज

संचार जगत

दौसा। जिले में पंचायतीराज चुनाव के तृतीय चरण के तहत आज मतदान होगा। सोमवार को पीजी कॉलेज से मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के बाद अपने-अपने बूथों के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा के अनुसार, तीसरे चरण में पंचायत समिति के 142 और जिला परिषद के 24 सदस्यों के निर्वाचन के लिए 6 लाख 55 हजार 698 मतदाता 763 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। सिकंदरा, सिकराय, दौसा, लवाण, रामगढ़ पचवारा, नांगल राजावतान, लालसोट और शिवसिंहपुरा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए करीब 2,500 पुलिस अधिकारी और जवान तैनात किए गए हैं। 59 संवेदनशील केंद्रों पर हथियारबंद जवान मौजूद रहेंगे। साथ ही 65 मोबाइल पार्टियां गश्त करेंगी और 59 सीआई सहित 9 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कानून-व्यवस्था की निगरानी करेंगे।



बेटियों का क्रिकेट टीम में हुआ चयन



संचार जगत

दौसा। बीसीसीआई द्वारा आयोजित विमेंस अंडर-23 टी-20 ट्रॉफी के लिए घोषित राजस्थान टीम में दौसा जिले की तीन होनहार महिला खिलाड़ियों याना वर्मा, सोनम सैनी और तनिका शर्मा का चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों ने अंडर-23 चैलेंजर प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाया था, जबकि तनिका शर्मा सीनियर टीम में भी लगातार बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं। जिला क्रिकेट संघ की कार्यकारिणी ने तीनों महिला क्रिकेटरों को राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

केपीएससी मामले में प्रियांक खड़गे ने लगाए आरोप



बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने आरोप लगाया कि एक केंद्रीय मंत्री केंद्र सरकार पर दबाव डाल रहे हैं कि वह कर्नाटक लोक सेवा आयोग की भर्ती जांच को एक राजनीतिक आड़ बनाकर, उनके और उनके कैबिनेट सहयोगियों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करे। स्टिंग ऑपरेशन से जुड़े विवाद के बीच खड़गे ने किसी का नाम लिए बिना, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी. कुमारस्वामी की ओर इशारा किया। खड़गे ने कहा कि दिल्ली के सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि एक केंद्रीय मंत्री, केंद्र सरकार पर लगातार दबाव डाल रहे हैं कि वे मेरे कैबिनेट सहयोगियों और मेरे खिलाफ आईटी और ईडी का इस्तेमाल करें। इसके लिए वे केपीएससी जांच को एक राजनीतिक आड़ के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़ा एक व्यक्ति, प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करके केपीएससी भर्ती मामले के आरोपियों पर दबाव बना रहा है, ताकि वे कांग्रेस नेताओं और उन्हें झूठे मामलों में फंसा सकें। कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मंत्री अकेले नहीं फंसना चाहते, इसलिए वे अपने गठबंधन सहयोगियों को भी इस विवाद में घसीटने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस ने आप पर साधा निशाना

संचार जगत



नई दिल्ली। पंजाब में आम आदमी पार्टी के तीन विधायकों के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने आप पर निशाना साधा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी और उदित राज ने आरोप लगाया कि पार्टी आंतरिक संकट से जूझ रही है और उन्होंने आगे भी और लोगों के पार्टी छोड़ने का अनुमान जताया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि एक पुरानी कहावत है कि जब कोई जहाज डूबने लगता है तो उस पर सवार लोग खुद को बचाने के लिए सबसे पहले कूदने लगते हैं। राजनीति क्या मजाक बन गई है? जो मुख्यमंत्री खुद हमेशा नशे में रहते हैं, वे दूसरों को नशे से मुक्त कराने निकले हैं। देश-विदेश में लोग चर्चा कर रहे हैं कि वे किस तरह नशे में रहते हैं। तिवारी ने आम आदमी पार्टी को बहुत बढ़िया बताते हुए कहा कि आपने लोगों को धोखा दिया है और उनके साथ विश्वासघात किया है। उदित राज ने भी आम आदमी पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि इन इस्तीफों से संकेत मिलता है कि आने वाले दिनों में और भी नेता पार्टी छोड़ सकते हैं।

अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

संचार जगत

श्रीगंगानगर। हनुमानगढ़ रोड स्थित अग्रवाल ट्रस्ट भवन में अग्रोहा विकास ट्रस्ट द्वारा 28 वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, सरकारी सेवाओं, तकनीकी शिक्षा एवं खेल जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान करने से अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की कुल 152 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा 10वीं के 55 विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं के 62 विद्यार्थी शामिल रहे। इसके



अतिरिक्त चार्टर्ड अकाउंटेंसी में सफलता प्राप्त करने वाले 9 युवा, चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले 4 डॉक्टर, सरकारी नौकरी में चयनित 5 प्रतिभाएं, पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले 7 प्रतिभाशाली व्यक्ति एवं बीटेक की डिग्री हासिल करने वाले 3 विद्यार्थी सम्मानित किए गए। वहीं खेल जगत में अपनी प्रतिभा के दम पर विशेष पहचान बनाने वाले 7 खिलाड़ियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

होटल उद्योग को जीएसटी में राहत देने की मांग

एसोसिएशन ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

संचार जगत

उदयपुर। होटल उद्योग को जीएसटी में राहत देने और कारोबार से जुड़ी व्यावसायिक परेशानियों के समाधान की मांग को लेकर उदयपुर होटल एसोसिएशन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। एसोसिएशन ने होटल व्यवसायियों के हितों और पर्यटन उद्योग पर पड़ने वाले प्रभावों को देखते हुए जीएसटी व्यवस्था में सात प्रमुख सुधारों के सुझाव दिए हैं। एसोसिएशन ने पांच प्रतिशत जीएसटी वाले होटलों को इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा देने, कमरे के किराए पर जीएसटी की सीमा बढ़ाने और होटल लीज पर लगने वाले जीएसटी में राहत देने सहित सात मांगें रखी हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन 7500 रुपए तक के कमरे के किराए पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है। हालांकि, इस श्रेणी के होटलों को आईटीसी का लाभ नहीं मिलता। ऐसे में ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों के कमीशन, दैनिक संचालन और अन्य व्यावसायिक सेवाओं पर चुकाया गया जीएसटी होटल संचालकों के लिए अतिरिक्त लागत बन जाता है। एसोसिएशन ने पांच प्रतिशत जीएसटी वाले होटलों को भी आईटीसी देने की मांग की है।

ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां आयोजित



संचार जगत

जोधपुर। प्रकृति के संरक्षण की शुरुआत छोटी-छोटी आदतों में बदलाव से होती है। इसी सोच को व्यवहार में उतारते हुए ब्रिक्स सस्टेनेबल लाइफस्टाइल कार्यक्रम के तहत सोमवार को जोधपुर जिले में जल संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस पहल में पशुपालकों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करने से लेकर गौशालाओं में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और सरकारी कार्यालयों में बिजली की खपत घटाने तक के प्रयास किए गए। अभियान के तहत अधिकारियों एवं संस्था प्रभारियों ने पशुपालकों को पशुओं के लिए पानी के दक्ष उपयोग, जल के अपव्यय पर रोक तथा उपलब्ध जल संसाधनों के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। गौशालाओं के संचालकों से संपर्क कर पानी की खेलों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा चूने एवं उपयुक्त मात्रा में फिटकरी के उपयोग से जल को स्वच्छ बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी गई, ताकि पशुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिल सके।

वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन का पोस्टर लॉन्च

जयपुर। वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन के 11वें संस्करण का पोस्टर लंदन में वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल एवं राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा लॉन्च किया गया। यह मैराथन 29 नवंबर 2026 को जयपुर में आयोजित होगी, जिसमें देश-विदेश के पेशेवर एथलीट, रनिंग के शौकीन और फिटनेस प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। लंदन में पोस्टर विमोचन के साथ वेदांता पिंक सिटी हाफ मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने तथा जयपुर को अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पिछले वर्षों में यह मैराथन रनिंग, फिटनेस और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने वाले एक प्रतिष्ठित आयोजन के रूप में उभरी है।

डंपर और बाइक में टक्कर, 2 युवक गंभीर घायल

संचार जगत



नागौर। नागौर में नेशनल हाईवे-62 पर वासुदेव होटल के सामने डंपर और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। दोनों को निजी वाहन से जवाहरलाल नेहरू जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसे के बाद डंपर ड्राइवर वाहन सड़क किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया। दोनों युवक बाइक से नागौर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान रिंग रोड पर बने तिराहे के पास डंपर ड्राइवर बीकानेर की तरफ जाने के लिए वाहन मोड़ने लगा। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठे और डंपर के अगले हिस्से से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को निजी वाहन से नागौर के जवाहरलाल नेहरू जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया गया। डंपर चालक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

रात में भी चमकेंगी जोधपुर की सड़कें



संचार जगत

जोधपुर। सूर्यनगरी जोधपुर में इन दिनों प्रशासनिक सजगता, सामाजिक सरोकार और व्यक्तिगत उपलब्धियों की त्रिवेणी देखने को मिल रही है। एक ओर जहां दीपोत्सव और पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सड़कों को चमकाने के लिए रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का बिगुल फूंका है, वहीं दूसरी ओर रोशनी के इस त्योहार पर चाइनीज लाइटों की चकाचौंध के बीच कुम्हार समाज अपनी रोजी-रोटी और पारंपरिक मिट्टी के दीयों के अस्तित्व को बचाने के लिए शहरवासियों से स्वदेशी अपनाने की भावुक अपील कर रहा है। शहर में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आगाज हो गया है। इसकी शुरुआत पावटा सी रोड से हुई। दीपावली पर्व और विंटर टूरिज्म सीजन के मद्देनजर नगर निगम ने शहर को चौबीसों घंटे साफ-सुथरा रखने के लिए विशेष रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था शुरू की है। महापौर प्रसन्न चंद मेहता और उपमहापौर विजय सिंह पंवार ने पावटा सी रोड से इस नई व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया।

सड़क निर्माण के दौरान भीषण हादसा

करंट लगने से 8 मजदूरों की मौत, 3 गंभीर घायल



संचार जगत

झुंझुनूं। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उदयपुरवाटी क्षेत्र के छापोली गांव में काम कर रहे 8 मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग झुलस गए। उदयपुरवाटी थाना प्रभारी रामपाल के मुताबिक, सड़क निर्माण के दौरान बजरी मिलाने के काम में इस्तेमाल हो रही एक मशीन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। मशीन में करंट फैलते ही वहां काम कर रहे मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे में 8 मजदूरों की जान चली गई और कई लोग झुलस गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुःख जताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झुंझुनूं में हुए हादसे में करंट लगने से श्रमिकों की असामयिक मृत्यु का समाचार दुखद है।संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावित परिवारों को तत्काल हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने तथा घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

खंडेलवाल समाज ने नियुक्त किए संयोजक

संचार जगत



भरतपुर। खंडेलवाल समाज की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इसमें आगामी सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा करते हुए संयोजकों की नियुक्ति की गई। समाज के महामंत्री मुरारी लाल खंडेलवाल ने बताया कि 17 नवंबर को गोपाष्टमी के पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाज के सेवाभावी भामाशाह एवं युवा मंडल सदस्य नीतेश खंडेलवाल को इस रक्तदान शिविर का मुख्य संयोजक बनाया गया है। इसी क्रम में 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले पारंपरिक अन्नकूट महोत्सव तथा समाज के नवनिर्मित हॉल एवं कमरों के लोकार्पण समारोह की समग्र व्यवस्थाओं के संचालन के लिए सुभाष लोहिया को संयोजक नियुक्त किया गया है। 14 फरवरी 2027 को संत शिरोमणि सुंदर दास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। ने वाली भव्य एवं उससे जुड़ी व्यवस्थाओं का दायित्व नरेश खंडेलवाल को सौंपा गया है।

महामंत्री ने बताया कि फरवरी 2027 में खंडेलवाल समाज भरतपुर की संस्था के आम चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदाता सूची तैयार कराने की अहम जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता रामस्वरूप गुप्ता को संयोजक के रूप में सौंपी गई है।

बैठक में विश्वास व्यक्त किया कि सभी संयोजक अपनी-अपनी समर्पित टीम गठित कर सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

2 साल के प्रांश ने स्केटिंग में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

अजमेर। अजमेर में प्ले ग्रुप में पढ़ने वाले 2 साल 10 महीने के प्रांश दगदी ने स्केटिंग में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। 3 किलो वजन लेकर स्केटिंग करते हुए प्रांश ने 60 मीटर की दूरी 1 मिनट 12 सेकंड में पूरी की। बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की वेरिफिकेशन कमेटी ने प्रदर्शन की जांच के बाद इसे मान्यता दी है। 14 अक्टूबर 2026 को दर्ज इस रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र नंबर BWR/IND/2026/001604 है। अजमेर के लोहागल निवासी प्रांश सूरज दगदी और मीनाक्षी दगदी के बेटे हैं। वह वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल में पढ़ते हैं। प्रांश ने 2 साल 2 महीने की उम्र में स्केटिंग सीखना शुरू किया था। पिछले 10 महीने से वह नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

भारतीयों के लिए ब्रिटेन में नौकरी हासिल करना और पढ़ना हो जाएगा आसान!

नई दिल्ली/संचार जगत

ब्रिटेन हायर एजुकेशन के साथ-साथ नौकरी के लिए भी एक लोकप्रिय ठिकाना रहा है। यहां काम करने वाले भारतीयों की तादाद लाखों में है। हालांकि, पिछले कुछ समय में इमिग्रेशन नियमों में हुए बदलावों ने भारतीयों की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब ब्रिटेन में इमिग्रेशन नीति में एक बार फिर बड़े बदलाव की तैयारी हो रही है। सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की गई है।

इन बदलावों का असर भारतीय पेशेवरों, छात्रों और विदेशी कर्मचारियों को नौकरी देने वाली कंपनियों पर पड़ सकता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य ब्रिटेन और उसके विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कुशल कामगारों को आकर्षित करना है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने पर भारतीय छात्रों और कामगारों को इसका सीधा फायदा मिल सकता है। ब्रिटेन में पिछले कुछ समय से इमिग्रेशन नियमों में लगातार बदलाव किए गए हैं। इससे पढ़ाई और नौकरी के लिए वहां गए भारतीयों की चिंताएं बढ़ी हैं। कई भारतीयों के लिए ब्रिटेन में लंबे समय तक रहना मुश्किल हो गया है। पोस्ट-ग्रेजुएट वीजा की अवधि कम करने के ऐलान ने भी उनकी चिंता बढ़ाई थी। हालांकि, अब सरकार के नए प्रस्तावों से स्थिति में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। ये घोषणाएं ऐसे समय में की जा रही हैं, जब ब्रिटेन आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। देश की आर्थिक विकास दर के अनुमान घटाए गए हैं, कर्ज लेने की लागत बढ़ रही है, वित्तीय निवेश की गुंजाइश कम हो रही है और ऊर्जा की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे हालात में सरकार सार्वजनिक खर्च बढ़ाए बिना व्यापारिक निवेश और उत्पादकता को बढ़ावा देना चाहती है।

सैलरी लिमिट में बदलाव, एचपीआई वीजा का दायरा बढ़ाने की तैयारी

दो साल का ग्रेजुएट वीजा भी रहेगा जारी, और भी मिलेंगी राहतें ब्रिटेन का इमिग्रेशन प्लान बदलेगा, जिससे आसान होंगे रास्ते

ब्रिटेन इन दिनों चुनौतियों से जूझ रहा है,कर्ज भी बढ़ रहा है

ब्रिटेन सरकार के 2026 के बजट में इसके लिए रूपरेखा पेश की



फाइल फोटो

नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को बढाने की योजना तैयार


इस तरह के होंगे बदलाव

- स्किल वर्कर्स की सैलरी लिमिट: नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर वापस लाने की योजना है
- एचपीआई वीजा का विस्तार: हाई पोटेंशियल इंडिविजुअल (एचपीआई) वीजा का दायरा बढ़ाया जाएगा
- ग्रेजुएट वीजा जारी रहेगा: विदेशी छात्रों के लिए दो साल का ग्रेजुएट वीजा बरकरार रखा जाएगा
- अधिक रियायती समय: कुछ उच्च कौशल वाले प्रायोजित कर्मचारियों को नौकरी या स्पॉन्सरशिप बदलने की स्थिति में ब्रिटेन में रुकने के लिए अधिक समय देने का प्रस्ताव है।

स्किल वर्कर और अन्य वीजा रूट में बदलाव

बजट में सरकार ने दोहराया है कि उसका जोर कम कौशल वाले कामगारों के इमिग्रेशन को सीमित करने और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के लिए रास्ता आसान बनाने पर है। नौकरी के हिसाब से वेतन सीमा को 25वें पर्सेंटाइल पर लाने के साथ सामान्य न्यूनतम वेतन सीमा भी बढ़ाई जाएगी। इससे उन क्षेत्रों की कंपनियों को राहत मिल सकती है, जहां औसत वेतन कम होने के कारण विदेशी पेशेवरों को नौकरी पर रखना और उनके लिए स्पॉन्सरशिप हासिल करना मुश्किल था। एचपीआई वीजा का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। यह वीजा दुनिया के चुनिंदा शीर्ष विश्वविद्यालयों से पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को बिना किसी स्पॉन्सर के ब्रिटेन में काम करने की अनुमति देता है। वहीं, दो साल के ग्रेजुएट वीजा को जारी रखने का फैसला विदेशी छात्रों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इस वीजा के तहत छात्र पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल तक ब्रिटेन में रहकर बिना स्पॉन्सरशिप के नौकरी कर सकते हैं या रोजगार की तलाश कर सकते हैं।

खबर संक्षेप



चेक ओपन स्क्वाश के फाइनल में सेंथिलकुमार

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलवन सेंथिलकुमार ब्रनो में चल रहे 35,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए चेक ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसॉर्ड को सीधे गेम में 11-7, 12-10, 11-1 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के आठवीं वरीयता प्राप्त जेरेमियास अज़ाना को 11-3, 11-8, 11-7 से और दूसरे दौर में ब्राजील के डिएगो गोब्बी को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया था। उन्हें पहले दौर में बाइ मिली थी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में मिश्रित टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले सेंथिलकुमार खिताबी मुकाबले में यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज स्कॉटलैंड के ग्रेग लोब्बन से भिड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर ने जीती बधिर टी-20 चैंपियनशिप



सूरत। जम्मू कश्मीर ने फाइनल में राजस्थान को हराकर बधिरों की आईडीसीए 10वीं टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 14 राज्यों की टीमों ने भाग लिया था, जो भारत में बधिर क्रिकेट के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ बधिर क्रिकेटरों के लिए खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों को अधिक मान्यता दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। आईडीसीए का नए क्षेत्रों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जिससे कि बधिर क्रिकेट को पहचान मिल सके।

इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम का ऐलान



ब्रिस्बेन। मैट रेनशॉ और कैमरन ग्रीन को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए तेज गेंदबाजी की तिकड़ी मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को इस महीने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 श्रृंखला से विश्राम दिया गया है ताकि वह 9 दिसंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी कर सकें। ग्रीन और रेनशॉ को एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, ट्रैविस हेड और कूपर कॉनॉली के साथ 13, 15 और 18 नवंबर को होने वाले तीन घरेलू वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुना गया है।

रणजी ट्राफी मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमटी

हर्ष की फिरकी का कहर, एक पारी में 53 रन देकर झटके शानदार 9 विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

बाएं हाथ के फिरकी ऑलराउंडर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के चौथे राउंड के मुकाबले में 9 विकेट लेकर धूम मचा दी। विदर्भ की ओर से खेलते हुए उन्होंने मध्यप्रदेश के सामने 53 रन देकर 9 बल्लेबाजों को आउट किया। हर्ष दुबे महज एक विकेट से मध्य प्रदेश के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट करने से चूक गए। यह एक सफलता नचिकेत भुटे को मिला, जिन्होंने मध्य प्रदेश का पहला विकेट गिराया। इसके बाद के सभी नौ विकेटों को हर्ष दुबे ने गिराया। नागपुर में हो रहे मुकाबले के पहले दिन मध्य प्रदेश की टीम 209 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से अथर्व महाजन ने सबसे ज्यादा 85 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की हालत भी खराब है। दिन की समाप्ति होने तक उसके 4 विकेट 56 रन पर गिर चुके थे।



हर्ष ने 2022 में किया था डेब्यू

हर्ष दुबे ने 2022 में विदर्भ की ओर से फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही डेब्यू रणजी सीजन में तीन मैच खेले थे और पांच विकेट निकाले थे। इसके अगले सीजन पांच मुकाबले खेले और 23 विकेट लिए थे। वे 2024-25 के सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। तब उन्होंने 10 मैच में 16.98 की औसत से 69 विकेट लिए थे। उन्होंने पिछले रणजी सीजन में तीन ही मैच खेले थे और 14 शिकार किए थे। वर्तमान सीजन में वे अभी तक 23 विकेट ले चुके हैं और सर्वाधिक विकेट वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे कार्तिक त्यागी (उत्तर प्रदेश) और तनय त्यागराजन (हैदराबाद) हैं, जिनके नाम 24 विकेट हैं।

मयंक मिश्रा की घातक गेंदबाजी के आगे बिखरी हरियाणा की पारी, उत्तराखंड मजबूत स्थिति में



रोहतक। रणजी ट्रॉफी के एक रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड ने हरियाणा के खिलाफ अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी ग्राउंड देहरादून पर खेले जा रहे इस मैच के पहले दिन उत्तराखंड के गेंदबाजों ने शानदार अनुशासन का परिचय देते हुए हरियाणा की पूरी टीम को पहली पारी में महज 153 रनों पर समेट दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तराखंड ने बिना किसी नुकसान के 59 रन बना लिए हैं और वह पहली पारी के आधार पर अब केवल 94 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद खराब रही। उत्तराखंड के अनुभवी स्पिनर मयंक मिश्रा ने कहर बरपाते हुए हरियाणा के बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का कोई मौका नहीं दिया। मयंक ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए 23 ओवरों में 57 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनका साथ निभाते हुए देवेंद्र बोरा ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। हरियाणा की ओर से कनिष्क चौहान ने सर्वाधिक 24 रन बनाए, जबकि निचले क्रम में तन्मय बालोदा ने 21 और अजीत चहल ने 16 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम 150 के पार पहुंच सकी। इसके बाद पहली पारी खेलने उतरी उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाजों ने बेहद सूझबूझ और संयम का परिचय दिया। स्टंप्स के समय आरव महाजन 33 रन और डेगा निश्चल 25 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों बल्लेबाजों ने बिना कोई विकेट गंवाए 59 रन जोड़कर टीम को सुरक्षित शुरुआत दिलाई।

चोला शतरंज इंटरनेशनल

दस साल के सरबर्थो मणि ने किया उलटफेर, ग्रीस ग्रैंडमास्टर को दी मात



नई दिल्ली/संचार जगत

पहले चोला शतरंज इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट में 10 साल के भारतीय खिलाड़ी सरबर्थो मणि ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। फिडे मास्टर सरबर्थो ने दूसरे दौर के मुकाबले में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर दिमित्रिस एलेक्साकिस को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

मुकाबले में एक समय ऐसा था, जब 15वीं चाल के बाद सरबर्थो मणि की लगभग हार नजर आ रही थी। सरबर्थो मणि के प्रतिद्वंद्वी को दो प्यादों की बढ़त हासिल थी। इसके बावजूद कोलकाता के इस नन्हें खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और 58वीं चाल पर ग्रीक ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। दिलचस्प बात यह रही कि मुकाबला खत्म होने पर सरबर्थो मणि के पास घड़ी में 1 घंटा 12 मिनट का समय बचा था, जबकि दिमित्रिस एलेक्साकिस के पास महज 36 सेकंड शेष थे।

58वीं चाल में एलेक्साकिस को हराया


दिमित्रिस एलेक्साकिस के खिलाफ सरबर्थो मणि की जीत कई मायनों में खास रही। मुकाबले की 15वीं चाल तक उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी और जीत की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। इसके बावजूद 10 साल के सरबर्थो ने शानदार वापसी करते हुए 58वीं चाल पर ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को हार मानने पर मजबूर कर दिया। इस जीत के साथ उन्होंने रेटिंग के बड़े अंतर को भी गलत साबित कर दिया।

शुरुआती चालों में मुश्किल में घिर थे सरबर्थो

सरबर्थो मणि शुरुआती चालों में ही मुश्किल में घिर गए थे। वह अपने प्रतिद्वंद्वी के राजा की तरफ दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे, जबकि एलेक्साकिस शतरंज की बिसात के बीच वाले हिस्से को खोलकर हमला करने की तैयारी में थे। 15 चालों के बाद खेल का आकलन करने वाले कंप्यूटर ने ग्रीस के ग्रैंडमास्टर को दो प्यादों के बराबर बढ़त दी थी।

युवा ओलंपिक

फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला तैराक बनीं धिनिधि



नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय तैराक धिनिधि देसिंघु सोमवार को यहां युवा ओलंपिक की महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला तैराक बन गईं।

बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने अपनी हीट में 56.80 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने सभी प्रतियोगियों में तीसरे सबसे तेज तैराक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनसे आगे क्रोएशिया की एना बोबानोविच (56.22 सेकंड) और न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन (56.53 सेकंड) रहीं। युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली धिनिधि तीसरी भारतीय तैराक हैं। उनसे पहले 2018 में दो बार ओलंपिक में हिस्सा ले चुके श्रीहरि नटराज और मौजूदा सत्र में तीर्थंक पेगू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। धि नि धि 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल की सबसे युवा सदस्य थीं।

जूडो में जीतीं 15 वर्षीय खुशबू

जूडो स्पर्धा में भारत की खुशबू राजकभाई दरजादा ने महिला 63 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गिनी की मामइस्सता कैमारा को 1-0 से शिकस्त दी। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने 'युको' के जरिए यह मुकाबला अपने नाम किया। जूडो में 'युको' एक प्रभावी तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जाने वाला कम अंक होता है। मुकाबले के दौरान कैमारा को रेफरी ने एक मामूली दंड 'एक शिदो' भी दिया। यह दंड खेल के नियमों के मामूली उल्लंघन जैसे निष्क्रियता दिखाने, गलत आक्रमण करने, निर्धारित सीमा से बाहर जाने या अवैध पकड़ बनाने पर दिया जाता है।

वनडे सीरीज : भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे चैपमैन और रविंद्र

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली 5 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'हाल में किए गए एमआरआई से पता चला है कि चैपमैन को बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी दो सप्ताह का समय लगेगा जबकि रविंद्र दाहिने कंधे की चोट के कारण अभी अपनी पूरी क्षमता से फील्डिंग नहीं कर पा रहे हैं।' इन दोनों के बाहर होने से चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुने गए टिम सीफर्ट अब पूरी श्रृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे, जबकि हेनरी निकोल्स पहले तीन मैचों में खेलेंगे। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को श्रृंखला के चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है।



न्यूजीलैंड ए को पहली पारी में बढ़त सिराज और मुकेश ने झटके 9 विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

मोहम्मद सिराज ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लय हासिल करते हुए भारत ए की तरफ से न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 4 विकेट लिए लेकिन वह मेजबान टीम को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने से नहीं रोक पाए।

न्यूजीलैंड की टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय 8 विकेट पर 338 रन था लेकिन इसके बाद उसने अंतिम दो विकेट गंवाने से पहले 86 रन जोड़े। इस तरह से उसकी टीम भारत के 346 रन के जवाब में 424 रन बनाने में सफल रही।



भारत ए 46 रन पीछे

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 32 रन बनाए और इस तरह से वह अभी न्यूजीलैंड की टीम से 46 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय यशस्वी जायसवाल 20 और साई सुदर्शन 11 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले तेज गेंदबाज सिराज ने 35 ओवरों में 118 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि एक अन्य तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 29 ओवर 87 रन देकर 5 विकेट झटके।

आज से 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट

कोरिया ओपन से हटे लक्ष्य, भारतीय चुनौती संभालेंगे प्रणय

नई दिल्ली/संचार जगत

जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं, जिसके बाद मंगलवार से शुरू होने वाले इस 5 लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है।

प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। पुरुष एकल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ तिएन चेन, जापान के तीसरे वरीय कोडाई नाराओका और कनाडा के विक्टर लाई जैसे मजबूत खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे।



सोनाली और रितिका का सामना ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी से

महिला युगल में भारत की सोनाली सिंह और रितिका ठाकेर का सामना ऑस्ट्रेलिया की लौडिया चेल्सी ग्रिसेल्डा और नोजोमी शिमिजू से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और के मनीषा भारतीय चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में उनका मुकाबला झू यी जुन और ली कियान की सातवीं वरीयता प्राप्त चीन की जोड़ी से होगा।

सुइजु के खिलाफ उतरेंगी तन्वी

महिला एकल में तन्वी शर्मा अपने अभियान की शुरुआत जापान की मनामी सुइजु के खिलाफ उतरेंगी। इस साल ताइपे ओपन का खिताब जीतने वाली इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने खुद को उभरती प्रतिभाओं में शामिल किया है। मालविका बंसोड़ को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दक्षिण कोरिया की चौथी वरीय सिम यू जिन से होगा। अनमोल खरब कनाडा की रेचल चान से भिड़ेंगी। 19 वर्षीय अनमोल का जर्मनी में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा था, जहां उन्होंने दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया ओपन में उनके पास एक बार फिर ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने का मौका होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हैदराबाद में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में हुए शामिल



कहा, कांग्रेस चाहे जितना जोर लगा ले भाजपा एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर निकालकर ही दम लेगी

दिल्ली में राहुल ने जो रैली की, वह 'वोट बचाओ रैली' नहीं, वो घुसपैठिया बचाओ रैली थी: शाह

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को हैदराबाद में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित किया और कांग्रेस पर घुसपैठियों को बचाने, एसआईआर का विरोध करने, भ्रष्टाचार करने और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 'वोट बचाओ रैली' वास्तव में 'घुसपैठिया बचाओ रैली' है। शाह ने मतदाता सूची से फर्जी, डुप्लीकेट और मृत व्यक्तियों के नाम हटाने का समर्थन किया तथा राहुल गांधी को संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन मुद्दों पर चर्चा करने की चुनौती दी।

उन्होंने तेलंगाना की जनता से राज्य में कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने और भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने की अपील की। कार्यक्रम में तेलंगाना भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र राव, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय कुमार, राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण, लोकसभा सांसद श्रीमती डी. के. अरुणा, इटला राजेंद्र, अरविंद धर्मपुरी और कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

शाह ने कहा कि अगर उस समय सरदार पटेल निजाम को नहीं झुकाते, तो आज हैदराबाद भारत का हिस्सा नहीं होता। सरदार पटेल ने ही हैदराबाद के निजाम को झुकाकर हैदराबाद को भारत का हिस्सा बनाया और तेलंगाना को भारत से जोड़ा। आज हैदराबाद में हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर खड़े हैं। कल दिल्ली में भी राहुल गांधी की एक रैली हुई थी, जिसे उन्होंने 'वोट बचाओ रैली' का नाम दिया। कांग्रेस की यह वोट बचाओ रैली नहीं, बल्कि घुसपैठिया बचाओ रैली थी। कांग्रेस पार्टी एसआईआर को रोककर देश की मतदाता सूची में शामिल बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाना चाहती है। मगर राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी चाहे जितना जोर लगा लें, भारतीय जनता पार्टी एक-एक घुसपैठिए को मतदाता सूची और देश से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस और उसकी पूरी कंपनी एसआईआर को रोकने में लगी है, क्योंकि घुसपैठिए उसका वोट बैंक हैं। इसके विपरीत, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ एसआईआर के समर्थन में खड़े हैं। इस देश में केवल वही व्यक्ति मतदान कर सकता है, जो भारत का नागरिक है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी दावा करते हैं कि 13 करोड़ वोट काट दिए गए हैं, जबकि उनका यह दावा झूठा है। इन 13 करोड़ मतदाताओं में से करीब सवा छह करोड़ लोग ऐसे हैं, जो दूसरी जगह रहने चले गए हैं। करीब 2.8 करोड़ यानी लगभग तीन करोड़ लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में जिन लोगों ▸▸ शेष पेज 5 पर

एसआईआर के बगैर भी भाजपा जीती

शाह ने कहा कि विपक्ष का दावा है कि भाजपा एसआईआर के कारण ही चुनाव जीतती है। 2014 और 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एसआईआर के बिना ही चुनाव जीते थे। भाजपा ने 2024 में भी देश के मतदाताओं के समर्थन से जीत हासिल की। इसके बाद महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और असम में भी भाजपा ने जीत दर्ज की। अब तेलंगाना में भी भाजपा जीत हासिल करेगी। 2024 के बाद भाजपा महाराष्ट्र में जीती और हरियाणा में सबसे बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाई। भाजपा ने लगभग 30 साल बाद दिल्ली में जीत दर्ज की और बिहार में भी सबसे बड़े बहुमत के साथ जीत हासिल की। पश्चिम बंगाल में भी ममता बनर्जी की पार्टी को हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा ने असम में लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। दो दिन पहले राहुल गांधी ने मॉक पार्लियामेंट आयोजित की थी। अगर राहुल गांधी हमसे सलाह लेते, तो हम उन्हें कहते कि इस नकली संसद में बिना नेता प्रतिपक्ष बने एक बार प्रधानमंत्री बन जाएं, क्योंकि असली संसद में वे कभी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे। अगर राहुल गांधी नकली संसद में प्रधानमंत्री बन जाएं, तो सोनिया गांधी के हृदय को शांति मिल जाएगी। राहुल गांधी इस तरह चुनाव नहीं जीत सकते। चुनाव में केवल तीन-चार महीने सक्रिय रहने और फिर विदेश चले जाने से काम नहीं चलेगा। उन्हें देश में पसीना बहाना होगा, जनता के साथ एकजुट होकर रहना होगा और उनकी समस्याओं का समाधान करना होगा।



1984 कांग्रेस द्वारा सिखों का नरसंहार नहीं भूलेगा हिन्दुस्तान: भाजपा

नई दिल्ली। 1984 में 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर के बीच कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा करवाये सिखों के कत्लेआम के विरोध में '1984 - कांग्रेस द्वारा सिखों का नरसंहार नहीं भूलेगा हिन्दुस्तान' इस नारे की गूंज के साथ 1984 के कुछ पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने श्रद्धांजलि पदयात्रा निकाली। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को सिख संगत एवं दिल्ली भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब से गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब तक गुरुवाणी का जाप करते हुए यह श्रद्धांजलि पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा की व्यवस्था भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने संभाली। दिल्ली भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत एवं बाँसुरी स्वराज, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बब्बर भी 1984 नरसंहार के पीड़ित परिवारों के सदस्यों सरदार करतार सिंह, सरदारनी प्रीति सिंह कौर, जसवीर कौर, भागी कौर, परमजीत कौर, मनप्रीत कौर आदि के साथ सैकड़ों सिख महिलाओं के जत्थे, निहंग जत्थेदारों, तिलक विहार निवासी प्रभावित सिख परिजनों की टोली और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी श्रद्धांजलि पदयात्रा में शामिल हुए। सभी ने गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में नरसंहार में शहीद हुए सिखों की स्मृति में मोमबत्ती जलाईं। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 में सिखों के खिलाफ हुए नरसंहार में लोगों को संगठित तरीके से निशाना बनाया गया। एक-एक घर की पहचान की गई, वहां रहने वाले सिख परिवारों को घरों से बाहर निकाला गया और उनके साथ अमानवीय अत्याचार किए गए। यह आम जनता का किया हुआ काम नहीं था, बल्कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं और उनके समर्थित एवं संरक्षित लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। इसका प्रमाण इस बात से भी मिलता है कि कांग्रेस ने कभी दंगा पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके जख्मों पर मरहम लगाने के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए।

कत्लेआम कांग्रेस की सोची-समझी थी साजिश: स्वराज

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि 1984 में सिख समुदाय के निर्दोष भाई-बहनों का कत्लेआम कांग्रेस की सोची-समझी साजिश थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने यह कहकर नरसंहार को जायज ठहराने की कोशिश की थी कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। आज उसी मानसिकता का परिचय उनके पुत्र राहुल गांधी ने दिया है। एक नवंबर 1984 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके संरक्षण में पल रहे उपद्रवियों ने सिख समुदाय के लोगों को जिंदा जला दिया था।


सुरक्षा से समझौता करने वाले के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

वर्षों से तैनात जेल अधिकारियों का किया जाएगा तबादला: सूद

नई दिल्ली/संचार जगत

वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों का तबादला करना निहित स्वार्थों पर अंकुश लगाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दिल्ली की सभी जेलों में पूर्ण ईमानदारी एवं जवाबदेही स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद जेल प्रशासन में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का प्रशासन सुधारात्मक संस्थानों के भीतर भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और व्यवस्थागत अक्षमता के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करता है। मंत्री सूद ने कहा कि हम जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने, बंदियों के कल्याण से जुड़े मामलों पर कड़ी निगरानी रखने और प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियों और जेल प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास हमारे लिए सर्वोपरि है। सुशासन या बंदियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता करने वाले व्यक्ति के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आंतरिक जवाबदेही को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ऐसे सभी जेल अधिकारियों की तत्काल पहचान की जाए, जो एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक समय से तैनात हैं, और उनका तत्काल प्रभाव से तबादला किया जाए। नए निर्देशों के तहत सीपीआरओ, फैक्ट्री, खरीद (प्रोक्योरमेंट) विंग तथा पहली बार अपराध करने वाले कैदियों, आर्थिक अपराधों से जुड़े कैदियों और सिविल बंदियों के लिए निर्धारित जेलों जैसे संवेदनशील विभागों में निर्धारित अवधि से अधिक समय से तैनात अधिकारियों की पूरी सूची प्रस्तुत करने को कहा गया है।



दस वर्षों के तैनाती संबंधी विस्तृत रिकॉर्ड भी मांगे

मंत्री आशीष सूद ने भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों का सामना कर रहे कुछ अधिकारियों के पिछले दस वर्षों के तैनाती संबंधी विस्तृत रिकॉर्ड भी मांगे गए हैं। दिल्ली सरकार ने जेलों में बंदियों के कल्याण और सुरक्षा को लेकर भी सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि कैदियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन और दवाइयों की गुणवत्ता तथा उनकी बाजार दरों का सत्यापन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता को रोका जा सके।

- भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करता है प्रशासन
- सुरक्षा से समझौता करने वाले के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जाएगी

'लंबित शिकायतों पर की गई कार्रवाई की मांगी रिपोर्ट'

मंत्री के अनुसार, जेलों के भीतर अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी आधुनिक स्कैनिंग तकनीक अपनाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से कैदियों को नुकसान पहुंचाए बिना तंबाकू और मादक पदार्थों की तस्करी का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही जेल प्रशासन को जेलों की सुरक्षा में चूक और कर्मियों के कदाचार से संबंधित सभी लंबित शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

1 से 2 नवंबर तक की खाड़ी के इस अहम देश की यात्रा पर रहे मिस्री, हुई कई बैठकें

यूएई के साथ मजबूत होंगे भारत के आर्थिक संबंध, विदेश सचिव ने की यात्रा

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका, इजराइल और ईरान के त्रिपक्षीय युद्ध के मध्य विदेश सचिव विक्रम मिस्री 1 से 2 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिनी यात्रा पर थे। जिसका मुख्य आधार दोनों देशों के बीच नियमित रूप से होने वाली उच्च-स्तरीय गतिविधियां हैं। जो मुख्यतः द्विपक्षीय संबंधों के वास्तविक रूप यानी चरित्र से जुड़ी हुई हैं। भारतीय विदेश सचिव की यात्रा के दौरान एक प्रकार से दोनों पक्षों को भारत, यूएई व्यापक सामरिक साझेदारी में अभी तक हुई प्रगति का आकलन करने का अवसर मिला है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान के माध्यम से यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि हाल ही में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने भी यूएई की यात्रा की थी। जिसके बाद विदेश सचिव का यह दौरा हुआ है।



इनके साथ हुई उच्च-स्तरीय बैठकें

मंत्रालय के मुताबिक, विक्रम मिस्री ने यूएई सरकार के प्रशासनिक प्रतिनिधियों के साथ कई अहम बैठकें की हैं। जिसमें सबसे पहले वह अबू धाबी में यूएई की अंतरराष्ट्रीय मामलों की राज्य मंत्री और भारत की विशेष दूत रीम अल हाशिमी में मिले। इसके बाद यूएई के पर्यटन-संस्कृति विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद खलिफा अल मुबारक से मिस्री की मुलाकात हुई और अंत में वह अबू धाबी के वित्त विभाग के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक तथा एल'इमाड होल्डिंग कंपनी के ग्रुप सीईओ जसीम मोहम्मद अल जाबी से मिले। मिस्री की ये यात्रा दोनों देशों के संबंधों में मौजूद सामरिक समन्वय और आपसी विश्वास का प्रमाण प्रस्तुत करती है। साथ ही यह साझेदारी को आगामी समय में तीव्र गति से आगे बढ़ाने को लेकर दोनों पक्षों की साझा प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है।

बैठकों में शामिल रहे ये मुद्दे

विदेश सचिव की पहली बैठक में हुई चर्चा में दोनों पक्षों ने भारत-यूएई सामरिक द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा की है। जिसमें मुख्यतः साझेदारी में शामिल तमाम पहलुओं पर विचार करने के साथ ही सहयोग की नई संभावनाओं की तलाश करने पर मंथन किया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दूसरी बैठक ने दोनों देशों के प्रतिनिधियों को एक ऐसा अवसर प्रदान किया। जिसके तहत दोनों देशों के बीच संपर्कों में निकटता आएगी और सांस्कृतिक विचार-विमर्श को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन उक्त रचनात्मक संवाद के केंद्र में रहा। यह एक ऐसा मसला है, जिससे दोनों देशों के लोग और अधिक निकटता से आपस में जुड़ेंगे। तीसरी अंतिम बैठक में हुई बातचीत में आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के विषय को शामिल किया गया। निवेश के फ्लो को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच दीर्घावधि व्यापारिक भागीदारी इस मुद्दे में प्रमुखता से शामिल रही। क्योंकि अंत में इससे भारत, यूएई की अर्थव्यवस्थाओं को ही लाभ होगा।

नवनियुक्त वायुसेनाप्रमुख ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात

नई दिल्ली/संचार जगत

वायुसेना के नवनियुक्त प्रमुख एयरचीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ शिष्टाचार मुलाकात की है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने एक बेहतरीन वायु योद्धा के रूप में वायुसेनाध्यक्ष की तारीफ करते हुए कहा कि देश उन्हें उनके शानदार नेतृत्व के लिए जानता है। मैं, उनके बेहतरीन कार्यकाल के लिए बधाई देता हूं। एक्स पर इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए राजनाथ सिंह ने यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि बीते 31 अक्टूबर को पूर्व वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह की सेवानिवृत्ति के बाद वायुसेना के नए प्रमुख के रूप में एयरचीफ मार्शल दीक्षित ने अपना कार्यभार ग्रहण किया था। इसके पूर्व



में वह उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे। पिछले रविवार को एयरचीफ मार्शल दीक्षित ने अपने पहले संबोधन में वायुसेना से जुड़े कई अहम मसलों पर अपनी बात रखी थी। जिसमें उन्होंने बल में तेजी से घटती लड़ाकू विमानों की संख्या को बरकरार रखने, स्वदेशी तेजस विमान और एम्का परियोजना को आगे बढ़ाने और त्रिस्तरीय सैन्य समन्वय को मजबूती प्रदान करने जैसे मुद्दों को प्राथमिकता में शुमार विषयों में बताया था।

कल से नेपाल की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्री

नेपाल के प्रधानमंत्री की जल्द होने वाली भारत यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर होगा मंथन

नई दिल्ली/संचार जगत

दुनिया के कुछ भागों में चल रहे भीषण युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए हालातों के बीच नवंबर का ये महीना भारत-नेपाल के कूटनीतिक संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। कारण, इस दौरान होने वाली नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की पहली प्रस्तावित आधिकारिक यात्रा से जुड़ा हुआ है। इसी मामले पर जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए इसी सप्ताह बुधवार से विदेश सचिव विक्रम मिस्री नेपाल की दो दिवसीय (4 से 5 नवंबर तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मिस्री की पड़ोसी देश नेपाल की यात्रा के दौरान काठमांडू में होने वाली बैठकों में दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया जाएगा।

पहले मई में रद्द हो चुकी यात्रा

ज्ञात हो कि पूर्व में मौजूदा साल के मई महीने में विदेश सचिव नेपाल की यात्रा करने वाले थे। लेकिन पीएम शाह द्वारा उन्हें मुलाकात का समय न दिए जाने की वजह से यह दौरा अंतिम समय में रद्द हो गया था। यहां ये भी बताना रोचक होगा कि साल के मध्य में हुए इस घटनाक्रम के दौरान भारत के निकट पड़ोसी देश के नव- निर्वाचित प्रधानमंत्री ने सिर्फ भारत के विदेश सचिव से ही मुलाकात करने से इंकार किया था। बल्कि उन्होंने अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से भी मिलने से मना कर दिया था। जिसे कूटनीतिक हलकों में प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभालने के बाद बाकी देशों के राजनयिकों से शिष्टाचार मुलाकात की नेपाल की पुरानी परंपरा या परिपाटी में बदलाव के रूप में देखा गया।

बालेंद्र के बयानों से संबंधों में उपजा तनाव

यहां ये भी स्पष्ट कर दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद बालेंद्र शाह ने भारत और नेपाल सीमा से जुड़े कुछ पुराने, विवादित मुद्दों (लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा) के समाधान में किसी तीसरे देश जैसे चीन और ब्रिटेन की मदद लेने की बात कही थी। जो नई दिल्ली को बेहद नागवार गुजरी और उसने साफ किया था कि दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी कोई भी मामला द्विपक्षीय है। जिसका समाधान सिर्फ और सिर्फ द्विपक्षीय आधार पर ही निकाला जाएगा। दुनिया के किसी देश की भारत, नेपाल के सीमाई मसलों को लेकर कोई भूमिका नहीं है, न ही ऐसे किसी विचार को नई दिल्ली कभी भी स्वीकार करेगी।

मंत्रालय के बयान का सार

मंत्रालय के मुताबिक, भारत और नेपाल आपस में मित्रतापूर्ण संबंधों को साझा करते हैं। जिनसे जुड़े हुए विविध क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सराहनीय प्रगति देखने को मिली है। विदेश सचिव की आगामी काठमांडू यात्रा इस परंपरा यानी उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान के सिलसिले को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। जिससे अंततः व्यापक द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

भारत-वियतनाम संबंधों के 55 साल पूरे होने पर होंगे आयोजन

वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी जानकारी

एनएसए डोभाल ने वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व से की 'मुलाकात' सुरक्षा सहयोग मजबूत करने पर बनी सहमति, कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत और वियतनाम वर्ष 2027 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के 55 वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसे लेकर सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और वियतनाम के विदेश मंत्री एवं कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य ले होआई टुंग के बीच बैठक हुई।

दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के तरीकों पर चर्चा की। वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। दोनों देशों ने मई में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान अपने द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया था। इसके बाद रक्षा, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास तेज हुए हैं।

डोभाल ने सोमवार को वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री और वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल लुओंग टैम क्वांग से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने सुरक्षा क्षेत्र में मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और इसे और मजबूत बनाने पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

रविवार को राजधानी हनोई पहुंचे थे डोभाल



एनएसए डोभाल ने वियतनाम के उपप्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से भी मुलाकात की। बैठक में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा सहयोग की स्थिति की समीक्षा की गई और इस क्षेत्र में गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। डोभाल रविवार को आधिकारिक यात्रा पर वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे थे। यात्रा के दौरान वह वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकें कर रहे हैं। इनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा, सुरक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देना है।

पटनीटॉप में ईडी ने 41.38 करोड़ की संपत्ति जब्त

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पटनीटॉप में होटल भूमि अतिक्रमण मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत करीब 10.66 करोड़ की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इनमें पटनीटॉप स्थित होटल हॉलिडे इन, होटल ब्रॉडवे, होटल हॉलीवुड और होटल माउंटव्यू की जमीन और इमारतें शामिल हैं। इस मामले में वर्ष 2025 में भी दो अलग-अलग आदेश जारी कर करीब 30.72 करोड़ की संपत्तियां अटैच की गई थीं। इस कार्रवाई के बाद मामले में अब तक अटैच की गई संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर करीब 41.38 करोड़ हो गया है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।